हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या गुरुवार को रायपुर पहुंचे। वे 10 मई को होने वाले मैच में हिस्सा लेंगे

नियमों का ध्यान रखना जरूरी

- एम-टिकट को व्हाट्सएप, ईमेल या स्क्रीनशॉट के जरिए फॉरवर्ड नहीं किया जा सकेगा। टिकट केवल उसी अधिकृत ऐप पर मान्य होगा जिससे इसे खरीदा गया है।
- अगर किसी कारणवश आपको अपनी टिकट किसी और को ट्रांसफर करनी पड़े, तो यह ऐप के माध्यम से केवल एक बार ही संभव होगा। इसके बाद टिकट पूरी तरह लॉक हो जाएगा।
- गेट पर तैनात स्कैनर जैसे ही आपके मोबाइल के क्यूआर ▶▶|शेष पेज 8 पर

अब वुमन्स टीम की बारी, पहली बार भारत आएगी जिम्बाब्वे की टीम, रायपुर को तीन टी-20 मैच की मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे टीम के बीच अक्टूबर में 6 मैच की बाइलेटरल सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे में 3 वनडे और 3 टी-20 मुकाबले होंगे, जिसमें तीन टी-20 मैच रायपुर के शहीद वीरनारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। बात दें कि जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आएगी। गुरुवार को बीसीसीआई ने 6 मैचों का शेड्यूल जारी किया। टी20 सीरीज की शुरुआत 16 अक टूबर से होगी। वहीं वनडे सीरीज का आगाज 23 अक टूबर से होगा। सभी टी20 मुकाबले रायपुर ▶▶|शेष पेज 8 पर

2027 में श्रीलंका में टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी

आने वाले आईसीसी टूर्नामेंट्स को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। ऐसे में बीसीसीआई लगातार ज्यादा बाइलेटरल सीरीज आयोजित कर रहा है, ताकि प्लेयर्स को ज्यादा मैच प्रैक्टिस मिल सके।

टी20 सीरीज

- पहला टी20: 16 अक टूबर, रायपुर
- दूसरा टी20: 18 अक टूबर, रायपुर
- तीसरा टी20: 20 अक टूबर, रायपुर

वनडे सीरीज

- पहला वनडे: 23 अक टूबर, बड़ौदा
- दूसरा वनडे: 25 अक टूबर, बड़ौदा
- तीसरा वनडे: 28 अक टूबर, बड़ौदा

ऑनलाइन टिकट के स्क्रीनशॉट से नहीं मिलेगी एंट्री, मैच के दिन 3 बजे जनरेट होगा क्यूआर कोड, देर से आने पर भी सेफ रहेगी सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच 10 मई को होने वाले महामुकाबले के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हाई-टेक कर दी गई है। टिकटों की कालाबाजारी रोकने पहली बार 'एम-टिकट' प्रणाली लागू की गई है, जिसके जरिए दर्शकों को आरसीबी के ऐप पर मैच वाले दिन जनरेट होने वाले क्यूआर कोड से ही स्टेडियम में एंट्री दी जाएगी। खास बात यह है कि ऑनलाइन टिकट में मैप के जरिए आने और जाने का रास्ता दिखाई देगा। स्टेडियम में ▶▶|शेष पेज 8 पर

कालाबाजारी रोकने बनाया है नया सिस्टम

रायपुर में मैचों के दौरान टिकटों की कालाबाजारी एक बड़ी समस्या रही है। एम-टिकट सिस्टम सीधे दर्शक के मोबाइल और पहचान से जुड़ा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक और सच्चे क्रिकेट प्रशंसकों को ही सही कीमत पर मैच देखने का मौका मिले और कोई ▶▶|शेष पेज 8 पर

इस तरह मिलेगी एंट्री

- सबसे पहले अपने स्मार्टफोन में आरसीबी का आधिकारिक ऐप डाउनलोड कर लें।
- ऐप में उसी मोबाइल नंबर को डालकर लॉग-इन करें, जिसका उपयोग आपने टिकट खरीदते समय किया था।
- नंबर डालने के बाद आपको एक ओटीपी मिलेगा। इसे दर्ज करते ही ऐप में आपकी टिकट की जानकारी दिखने लगेगी।
- अभी ऐप में आपको अपनी टिकट की जानकारी दिखेगी, लेकिन क्यूआर कोड दिखाई नहीं देगा। ▶▶|शेष पेज 8 पर

आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹103903/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹126900/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹138523/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

aNAND Jewels

Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

सीएम के ओएसडी के सहयोगी के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी के एक कथित निकट सहयोगी के परिसरों समेत पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर छापे मारे। मोहाली और चंडीगढ़ में सनटेक सिटी परियोजना, अजय सहगल, एबीएस टाउनशिप्स, अल्टस बिल्डर्स, धीर कंस्ट्रक्शंस और उनके सहयोगियों से जुड़े करीब 12 स्थानों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। एजेंसी नितिन गोहल नामक व्यक्ति के परिसरों पर भी छापे मार रही है। उस पर राजनीतिक संरक्षण की व्यवस्था करने का आरोप है।

ताड़मेटला हमले में 76 जवानों की मौत पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

जांच एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने में विफल रहीं, यह अत्यंत पीड़ादायक

- **ताड़मेटला नक्सली हमले में राज्य सरकार की अपील खारिज, साक्ष्य नहीं, इसलिए सभी आरोपी बरी**
- **निचली अदालत ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया था**

बस्तर के ताड़मेटला नक्सली हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों की मौत के मामले में सभी आरोपी दोषमुक्त हो गए हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के बरी करने के फैसले को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस पर बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, इतनी बड़ी शहादत के बावजूद अभियोजन एजेंसियां असली अपराधियों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने में पूरी तरह विफल रही हैं।

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के दोषमुक्ति के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि यह अत्यंत पीड़ादायक है। नक्सलियों द्वारा कथित रूप से किए गए एक क्रूर हमले के बाद भी जांच एजेंसियां असली अपराधियों की पहचान स्थापित करने या उन्हें इस बर्बर कृत्य के लिए न्याय के कटघरे में लाने में सक्षम नहीं हो पाई।

गौरतलब है कि 6 अप्रैल 2010 की सुबह ताड़मेटला के जंगल में नक्सलियों ने सीआरपीएफ की 62वीं बटालियन पर घात लगाकर हमला किया था। इस भीषण नरसंहार में 75 सीआरपीएफ जवान और राज्य पुलिस का 1 जवान। ▶▶|शेष पेज 8 पर

हाईकोर्ट ने कहा

जांच में प्रक्रियात्मक खामियां रहीं

अब हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए अपने फैसले में कहा है कि हमें यह देखकर अत्यंत दुख हुआ है, इतने गंभीर मामले, जिसमें बड़े पैमाने पर जवान शहीद हुए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर परिणाम भुगतने पड़े, का अंततः इस तरह से निपटारा किया गया है। जांच एजेंसियों की ओर से कोई भी कानूनी रूप से मान्य और विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप, निचली ▶▶|शेष पेज 8 पर

फाइल फोटो

इस तरह हुई पूरी घटना

सीआरपीएफ की 62वीं बटालियन के उप कमांडर सत्यवान सिंह, कंपनी और पुलिस बल के साथ 82वीं फोर्स के साथ 4 अप्रैल 2010 से 7 अप्रैल 2010 तक एरिया डोमिनेशन पेट्रोल पर थे। 6 अप्रैल 2010 की सुबह ताड़मेटला गांव के जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। पुलिस बल को देखते ही नक्सलियों ▶▶|शेष पेज 8 पर

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दी यह हिदायत

डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, निचली अदालत द्वारा पारित दोषमुक्ति के फैसले के विरुद्ध राज्य द्वारा दायर की गई अपील को खारिज किया जाता है। अभियुक्तों, प्रतिवादियों की दोषमुक्ति को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि अभियोजन पक्ष उचित ▶▶|शेष पेज 8 पर

शासन ने कहा

बरी करने का फैसला अवैध और अस्थिर

राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने कहा, निचली अदालत द्वारा पारित बरी करने का फैसला अवैध और अस्थिर है। निचली अदालत महत्वपूर्ण साक्ष्यों को समझने में विफल रही है, जिसमें आरोपी बरसे लखमा का मजिस्ट्रेट के समक्ष धारा 164 सीआरपीसी के तहत दिया गया इकबालिया बयान भी शामिल है। इसमें उसने अन्य आरोपियों के साथ इस अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

हाईकोर्ट ने जांच में कमियों को उजागर किया

दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जांच में कमियों को उजागर किया। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्तों को हत्या के कृत्यों के वास्तविक क्रियान्वयन से जोड़ने वाला कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य या प्रत्यक्षदर्शी गवाही नहीं है। किसी भी प्रत्यक्षदर्शी ने अभियुक्तों की पहचान अपराधियों के रूप में नहीं की है। साथ ही धारा 164 दंड प्रक्रिया संहिता किसी स्वतंत्र साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। अभियुक्त का कथित इकबालिया बयान, जिसके अंतर्गत जब्त की गई विस्फोटक सामग्री, जिसमें पाइप बम, ग्रेनेड और राइफलें शामिल हैं, घटनास्थल से बरामद की गई थी, न कि आरोपियों के कब्जे से। कोर्ट ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि सामग्री को विस्फोटक प्रमाणित करने वाली एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है, जिससे जब्ती का सबूत अप्रभावी हो जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती है क्योंकि शस्त्र अधिनियम के तहत आवश्यक अभियोजन स्वीकृति का कोई रिकॉर्ड नहीं है, आरोपी की कोई टीआईपी (परीक्षण पहचान परेड) आयोजित नहीं कराई गई थी, और परीक्षण न्यायालय ने हमले की अराजक परिस्थितियों के कारण गवाहों के बयानों में विसंगतियों को सही ढंग से नोट किया।

सुशासन तिहार के बहिष्कार का ऐलान

मंच से बोले विधायक रिश्वतखोर पटवारी को मारेंगे जूते, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार के दौरान राजिम के भाजपा विधायक रोहित साहू के पटवारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। टिप्पणी के विरोध में पटवारियों ने सुशासन तिहार के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। गरियाबंद जिले के छुरा के पाटसिवनी गांव में सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित समाधान शिविर में उस वक्त माहौल गरमा गया जब एक पटवारी पर घूसखोरी का आरोप लगते ही राजिम विधायक रोहित साहू मंच से अपना आपा खो बैठे। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित शिविर में विधायक ने न सिर्फ संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की मांग की बल्कि गुस्से में यह तक कह दिया कि रिश्वत लेने वाले पटवारी को जूता भी मारेंगे।

सुशासन तिहार के मंच से विधायक के बिगड़े बोल का वीडियो वायरल, पटवारी संघ ने दी बहिष्कार की चेतावनी

विधायक के इस बयान का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके बाद जिले की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। दरअसल पाटसिवनी में ▶▶|शेष पेज 8 पर

16 अप्रैल से गायब है कथित तौर पर बम का सामान छोड़ने वाला

रावांभाठा में मिला बम बनाने का सामान, जीजा को उड़ाने की धमकी देने वाला गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा के वार्ड 13 में देशी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध रॉ मटेरियल, तार तथा रिमोट मिलने से हड़कंप मच गया है। बम बनाने का सामान मिलने के साथ एक चिड़ीमार एयरगन मिली है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक एक्सपर्ट, बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद विस्फोटक बनाने में काम आने वाला रासायनिक केमिकल जब्त कर जांच करने लैब में भेज दिया है।

मौके पर पहुंचे नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर के मुताबिक जांच के दौरान एक संदिग्ध बैग से बैटरी, वायर, एयरगन, तीन बोतल केमिकल और डेटोनेटर नुमा सामान बरामद किया गया, जिसे जब्त कर लिया गया है। वह संदिग्ध सामान क्षेत्र की मितानिन पुष्पा साहू के घर से मिला है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, वह सामान ▶▶|शेष पेज 8 पर

पार्षद से पुलिस को मिली सूचना

मितानिन पुष्पा ने पुलिस को बताया कि आठ वर्ष पूर्व उसने विनय देवांगन के माध्यम से रावांभाठा में प्रापर्टी खरीदी थी। तब से उसका विनय के साथ परिचय है। विनय ने बुधवार रात नौ बजे के करीब पुष्पा के घर एक काले रंग का बैग छोड़ा, बैग भारी था। बैग में संदिग्ध सामान होने की आशंका होने पर पुष्पा ने अपने वार्ड के पार्षद अश्विनी यादव को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है, अश्विनी ने बैग खोलकर देखा, तो बैग के अंदर पिस्टलनुमा हथियार देख कर सकते में आ गया। फिर बैग को बंद कर गुरुवार को उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

छत्तीसगढ़ की 35 युवतियां झारखंड में बंधक दुर्गूकोंदल से उठी आवाज पर रेस्क्यू अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

झारखंड के गढ़वा जिले में नौकरी के नाम पर ले जाकर छत्तीसगढ़ की करीब 35 युवतियों को बंधक बनाए जाने की खबर है। दुर्गूकोंदल से उठी एक युवती की दर्दभरी पुकार के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। युवतियों को जबरन काम कराने और प्रताड़ित किए जाने की सूचना पर झारखंड पुलिस ने बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। अब सभी की निगाहें उन बेटियों की सुरक्षित वापसी पर टिकी हैं।

खुटगांव की एक युवती के संदेश में कार्रवाई

दुर्गूकोंदल क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों की लगभग 35 युवतियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर झारखंड ले जाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें गढ़वा जिले में कथित रूप से बंधक बनाकर जबरन काम कराया जा रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम खुटगांव की एक ▶▶|शेष पेज 8 पर

युवतियों को बाहर निकालने में जुटी टीम

बताया जा रहा है कि गढ़वा जिले में कमिश्नर के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक की निगरानी में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासनिक टीम युवतियों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। इस घटना ने मानव तस्करी और रोजगार के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से ऐसे दलालों पर सख्त निगरानी रखने और ग्रामीण युवाओं के लिए सुरक्षित रोजगार व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

बेकाबू एनएसयूआई ने तोड़े बैरिकेड पुलिस पर पथराव, सिपाही जख्मी

सीएम हाउस घेराव : पहली बार छग पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग कर रही एनएसयूआई प्रदर्शन के दौरान बेकाबू हो गई। सीएम हाउस घेरने एनएसयूआई गुरुवार दोपहर जनसंपर्क कार्यालय, महिला थाना चौक के पास एकत्र हुए। यहां घंटेभर से अधिक समय तक जारी भाषणों के दौर के बाद कार्यकर्ता आगे बढ़े। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने प्रेस क्लब से लेकर बंजारी बाबा चौक तक कई लेयर में ▶▶|शेष पेज 8 पर

गुटों में शक्ति प्रदर्शन, क्रेन से पहनाई माला

एनएसयूआई के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ पहली बार छग पहुंचे थे। एनएसयूआई के विभिन्न गुटों ने एयरपोर्ट में उनके स्वागत से लेकर प्रदर्शन के दौरान तक शक्ति प्रदर्शन किया। उन्हें क्रेन से माला पहनाई गई। शक्ति प्रदर्शन करने सभी गुट अपने साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लेकर पहुंचे ▶▶|शेष पेज 8 पर

प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर वीर सैनिकों को किया सलाम

आतंकवाद को हराने के संकल्प पर आज भी अडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति को सलाम किया है। उन्होंने कहा कि एक साल बाद भी आतंकवाद को हराने और उसे पनपने में मदद करने वाले पूरे तंत्र को नेस्तनाबूद करने के अपने संकल्प पर हम पहले की तरह ही अडिग हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि एक साल पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस करने वालों को करारा जवाब दिया। पूरा राष्ट्र हमारे वीर जवानों के शौर्य को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति उसके अटूट संकल्प को दर्शाया। इसने हमारी सेनाओं की पेशेवर क्षमता, तत्परता और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारी सेनाओं के बीच बढ़ते आपसी तालमेल को भी प्रदर्शित किया और यह भी रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में ▶▶|शेष पेज 8 पर

पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने बदली प्रोफाइल फोटो

'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की तस्वीर बदली है। सभी नेताओं ने अपनी प्रोफाइल में 'ऑपरेशन सिंदूर' की फोटो लगाई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो लगा लिया। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हैं। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपनी प्रोफाइल फोटो को बदला है और 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो लगाया है। इनमें उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और हरियाणा के सीएम नायब सैनी भी शामिल हैं।

हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं जवान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को याद किया है। उन्होंने कहा कि हम अपने सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करते हैं, जिनका साहस और समर्पण राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता आ रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने अद्वितीय सटीकता, बेहतरीन समन्वय और तीनों सेनाओं के बीच गहरी तालमेल का प्रदर्शन किया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

सीएम साय ने सेना के शौर्य को किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ पर भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि नए भारत की अटूट इच्छाशक्ति, निर्भीक संकल्प और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व पहलगाम में सीमा पार से आतंकियों द्वारा किए गए घिनौने हमले ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था, लेकिन भारत ने उस चुनौती का ऐसा जवाब दिया, जिसने इतिहास में शौर्य और संकल्प का स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि नया भारत अब आतंकवाद को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त करने वाला नहीं है। उन्होंने कहा ▶▶|शेष पेज 8 पर


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव
छत्तीसगढ़ शासन
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन
8 से 11 मई, 2026
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
“सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।”
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

बिलासपुर
शुक्रवार 8 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष: 26, अंक: 47
पृष्ठ : 12+6 =18, मूल्य: 5.00***

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 39.2
न्यून. 24.4

हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, हाईकोर्ट ने आबंटित सीटों को ऑनलाइन भी करने कहा

हाईकोर्ट ने पूछा- सिर्फ एक सीट पर गरीब बच्चों का एडमिशन तो क्या सिर्फ 4 बच्चों से स्कूल चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया की धीमी रफ्तार को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन से शपथ पत्र में पूरी जानकारी विस्तृत तौर पर मांगी है। इसमें सरकार को बताना होगा कि किस स्कूल में कितनी सीटों पर और किस बच्चे का एडमिशन हुआ है। हाईकोर्ट राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए शपथ पत्र से नाराज भी हुआ। इसमें सरकार ने बताया है कि राज्य के 387 स्कूलों में एडमिशन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया तो 366 ऐसे स्कूल हैं जिसमें कुल सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे हैं। इसमें प्रदेश के सभी बड़े स्कूल शामिल है। हाईकोर्ट ने इस पर भी आश्चर्य जताया कि क्या बड़े स्कूलों में गरीब बच्चे पढना ही नहीं चाहते या फिर राज्य सरकार कुछ छिपा रही है। कोर्ट ने आबंटित सीटों को आनलाइन भी करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। ▶▶|शेष पेज 8 पर

सरकार ने कहा, 387 स्कूलों में एक भी आवेदन नहीं तो 366 ऐसे स्कूल हैं जहां कम आवेदन

एडमिशन प्रक्रिया में तो अगस्त बीत जाएगा

इधर एडमिशन प्रक्रिया पर नजर डालें तो काउसंलिंग प्रक्रिया में 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी एवं आवंटन किया गया। जिसके बाद छात्रों को 1 से 30 मई तक प्रवेश लेने होंगे। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 8 जून से शुरू हो जाएगी। जिसमें नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद 1 से 11 जुलाई तक छात्र पंजीयन होंगे। फिर 27 से 31 जुलाई तक लॉटरी एवं आवंटन होगा। जिसके बाद छात्रों को स्कूल में दाखिला 3 से 17 अगस्त तक लेना होगी।

हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा

अब गुरुवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने अधिकारियों से पूछा कि लापरवाही क्यों बरती जा रही है। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने कहा है। इसमें अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी गई है। ध्यान रहे आरटीई के तहत कुछ अन्य मामलों की सुनवाई पहले से चल रही है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब सत्र शुरू हो चुका है तो गरीब बच्चों का दाखिला कब होगा, क्या प्रशासन की लापरवाही से हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा।

सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे

हाईकोर्ट राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए शपथ पत्र से नाराज भी हुआ। इसमें सरकार ने बताया है कि राज्य के 387 स्कूलों में एडमिशन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया तो 366 ऐसे स्कूल हैं जिसमें कुल सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे हैं। कई स्कूलों में एक या दो सीटों पर एडमिशन की जानकारी दी गई है। इस पर भी कोर्ट ने सख्ती से पूछा कि स्कूल में एक बच्चों का एडमिशन हो रहा है तो क्या कुल 4 बच्चे ही उस स्कूल में पढ़ रहे हैं। ध्यान रहे कि आरटीई के तहत कुल सीटों के 25 प्रतिशत पर गरीब बच्चों को एडमिशन दिया जाना है।

खबर संक्षेप

पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगासामी का इस्तीफा

पुडुचेरी। एआईएनआरसी प्रमुख एन रंगासामी ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और यहां लोक भवन में उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन को अपना त्यागपत्र सौंप दिया।

रंगासामी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह जल्द ही उपराज्यपाल से मिलेंगे और नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

नीट अभ्यर्थी ने असफलता के डर से की आत्महत्या

भुवनेश्वर। ओडिशा के भद्रक जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की तैयारी करने वाला 19 वर्षीय युवक अपने घर पर फंदे पर लटका मिला। मृतक के परिवार का आरोप है कि उसने तीन मई को हुई मेडिकल प्रवेश परीक्षा में असफल होने के डर से आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ज्योति प्रकाश बारिक के रूप मे हुई है। वह तिहिडी प्रखंड के नुंदा गांव का रहने वाला था। वह

20 लाख की 'ब्राउन शुगर' जब्त, आठ गिरफ्तार

सरायकेला/चतरा। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16.50 लाख रुपए मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त की है। एक खुफिया सूचना पर कपाली पुलिस चौकी प्रभारी धीरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने बुधवार को बंधुगोड़ा इलाके के एक घर में छापेमारी की।

जल जीवन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन में 900 करोड़ के कथित घोटाले से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को पूर्व मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी सुबोध अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद हुई है। राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रहे जोशी को गिरफ्तारी के बाद एक अदालत में पेश किया गया।

सीएम के इस्तीफे से इंकार के बाद राज्यपाल का एक्शन

नई सरकार के लिए रास्ता साफ, अब सीएम नहीं रहीं ममता, बंगाल मंत्रिमंडल बर्खास्त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

राज्यपाल आर एन रवि ने विधानसभा भंग कर दी है। ममता बनर्जी ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद राज्यपाल ने यह फैसला लिया है। खास बात यह है कि इस्तीफे को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच यह फैसला सीधे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ, जिससे बंगाल में 15 साल पुराना सत्ता का अध्याय अचानक खत्म हो गया। इधर, कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 4,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ बहुस्तरीय सुरक्षा का इंतजाम किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह नौ मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए 900 ▶▶|शेष पेज 8 पर

पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजे आने के तीन दिन बाद राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग करदी है। 4 मई को आए नतीजों में भाजपा को बहुमत मिला है। शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें सीएम का ऐलान हो सकता है। इधर, पुलिस ने भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं शुभेंदु ने ममता पर आरोप लगाए हैं।

पीएम रिपोर्ट में खुलासा, तीन गोलियों से मौत

चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद सामने आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पता चला है कि रथ को तीन गोलियां लगी थीं। इसमें से दो सीने में और एक पेट में लगी। इसकी वजह से काफी खून बह गया और शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि रथ की मौत तुरंत ही हो गई थी। चंद्रनाथ का पोस्टमॉर्टम बारासात सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया। इसमें एक डिपार्टमेंट के हेड, दो असिस्टेंट प्रोफेसर थे। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हुई।

शाह की मौजूदगी में आज विधायक दल की बैठक

कोलकाता में कल भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

इधर, रथ की हत्या मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ के हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस घटना को सुपारी लेकर हत्या करने वालों ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और नमूने एकत्र किए। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि हत्या पूर्व नियोजित थी।

शुभेंदु बोले

ममता को हराया इसलिए पीए की हत्या

भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि चंद्रनाथ रथ अगर उनके निजी सहायक के तौर पर काम नहीं करते तो शायद उनकी हत्या नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि चंद्रनाथ को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह हमसे जुड़े थे और हमने भबानीपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनाव में हराया है। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार कर लेगी।

रथ की मां ने कहा- हार का लिया बदला

अपने बेटे की मौत से स्तब्ध चंद्रनाथ रथ की मां ने दोषियों को उम्रकैद की सजा देने की मांग की और दावा किया कि यह हत्या भवानीपुर में शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ ममता बनर्जी की हार का बदला है। रथ की मां ने टीवी चैनलों से कहा, एक मां होने के नाते मैं किसी के लिए मौत की सजा नहीं मांग सकती।

राज्यपाल से मिले विजय

राज्यपाल ने मांगा बहुमत का सबूत, टीवीके ने दलों से संपर्क साधा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बृहस्पतिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवतः टीवीके को समर्थन दे सकते हैं।

नहीं जुटा पा रहे 118 का आंकड़ा

टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। हालांकि, पांच विधायकों वाली कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया है, लेकिन अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी सदन में बहुमत के 118 के आंकड़े से अब भी कुछ सीट दूर है।

रिजॉर्ट में विधायक

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस के बीच अब रिजॉर्ट पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। अन्नाद्रमुक ने अपने 15 से ज्यादा विधायकों को टूट-फूट के डर से पड़ोसी केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी के एक बड़े रिजॉर्ट में भेज दिया। तमिलनाडु में राजनीतिक जोड़-तोड़ और बहुमत के आंकड़े को लेकर हलचल लगातार तेज बनी हुई है।

मुंबई में एक परिवार की संदिग्ध मौत पर खुलासा

तरबूज से नहीं, चूहे मारने की दवा से हुई थी चार की मौत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दक्षिण मुंबई के पायधुनी इलाके में पिछले महीने एक परिवार के चार सदस्यों की मौत चूहे मारने की दवा खाने के कारण हुई थी। परिवार के चार सदस्यों की मौत तरबूज खाने से नहीं हुई, जैसा माना जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि मृतकों अब्दुल्ला डोकाडिया (44), उनकी पत्नी नसरीन (35) और उनकी बेटियों आयशा (16) एवं जैनब (13) के आंतरिक अंगों की जांच करने वाले विशेषज्ञों को उनमें जिंक फॉस्फाइड के अंश मिले।

पार्टी के बाद हुई थी मौत

डोकाडिया परिवार ने 25 अप्रैल की रात अपने रिश्तेदारों के लिए एक छोटी सी पार्टी का आयोजन किया था। मेहमानों के जाने के कुछ घंटों बाद रात करीब एक बजे परिवार के चारों सदस्यों ने तरबूज खाए। कुछ देर बाद उन्हें तेज उल्टी और दस्त होने लगे और उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सरकारी जेजे अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इंडिगो में टला बड़ा हादसा

टर्बुलेंस में फंसी फ्लाइट, डर से चीखने-चिल्लाने लगे यात्री

एजेंसी ▶▶| पटना

आसमान में उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब इंडिगो की एक फ्लाइट खराब मौसम की चपेट में आ गई। विमान जब पटना एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी अचानक तेज झटके लगने लगे। यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और लोग डर के मारे चीखने-चिल्लाने लगे। विमान में सवार लोगों को अनहोनी का डर सताने लगा था। लेकिन इस मुश्किल घड़ी में विमान की कमान संभाल रहे अनुभवी पायलट और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने धैर्य नहीं खोया।

राजीव प्रताप रूडी की सूझबूझ आई काम

विमान को कोई और नहीं बल्कि बिहार के सारण से भाजपा सांसद और अनुभवी पायलट राजीव प्रताप रूडी उड़ा रहे थे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लैंडिंग का जोखिम नहीं लिया। उन्होंने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और तत्काल विमान का रुख लखनऊ की ओर मोड़ दिया। उनकी इस तत्परता ने एक बड़ी आपदा को टाल दिया।



दहशत के चलते बस्तर के 24 हजार हेक्टर क्षेत्र जंगल में कोई फटकता न था, अब पहुंचने लगे वन कर्मी

नक्सली भय से जहां वन कर्मियों ने कभी पैर नहीं रखा, वहां अब 12 डिप्टी रेंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही वन विभाग अब कभी बेहद संवेदनशील रहे इलाकों तक पहुंच रहा है। नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बस्तर के तुलसी डोंगरी, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के दुर्गम वनांचलों में 24 हजार हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र में वन कर्मियों की सक्रियता बढ़ी है। नक्सलगढ़ रहे ऐसे जंगल में डिप्टी रेंजर बीट गार्ड के साथ सर्चिंग कर रहे हैं। सुरक्षाबलों ▶▶|शेष पेज 8 पर

अवैध कटाई व शिकार रोकने जुटे

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि पदोन्नति के बाद 12 डिप्टी रेंजरों को बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों के अंदरूनी क्षेत्र में जहां वन कर्मी, अधिकारी नहीं रहे, वहां पदस्थ किया गया है। वे ग्रामीणों से मिलकर अवैध कटाई, अवैध परिवहन एवं वन्य जीवों के शिकार रोकने का प्रयास करेंगे। शासन ने पहले भी डिप्टी रेंजर पदस्थ थे पर दहशत के चलते अंदरूनी क्षेत्र में नहीं जाते थे पर अब जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं।

24 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बढ़ पहुंच

बस्तर संभाग के बस्तर वन मंडल में 3.58 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर, बीजापुर वन मंडल में 3.53 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर, दंतेवाड़ा वन मंडल में 1.27 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर एवं सुकमा वन मंडल में 3.44 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर जंगल नक्सली दहशत से छूटे रहे। अब नक्सल मुक्त होने के चलते चारों जिलों के लगभग 24 हजार हेक्टर जंगल में वन कर्मी सर्चिंग कर रहे हैं।

चिंतन

बंगाल हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद एक बार फिर हिंसा की आग में झुलसता दिखाई दे रहा है। चुनाव के बाद जिस तरह हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, वह बेहद चिंताजनक हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आम जनता कब तक राजनीतिक संघर्ष की कीमत अपनी जान और सुरक्षा से चुकाती रहेगी। चुनाव परिणाम चाहे किसी के पक्ष में आए हों, लेकिन हिंसा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी हार होती है। जीते या हारे दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा में कई लोग जान गंवा बैठे हैं। इनमें भाजपा के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रकांत रथ समेत कई लोगों की हत्याएं हो गई हैं। कुल मिलाकर राज्य में डर का माहौल है। बंगाल चुनाव के दौरान या बाद में हिंसा कोई नई नहीं है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि चुनाव में विजयी हुई भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन पर खरा उतरे और यह दिखने भी चाहिए। राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बहुत है। साथ ही अब एक तरह से राज्य का पूरा तंत्र भी भाजपा के ही हाथ में है। इससे पहले की देर हो, उसे दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा के दोषियों को पकड़कर सख्ती से निपटना चाहिए, ताकि लोग बदलाव महसूस कर सकें। प्रदेश का माहौल शांत हो और विकास कार्य गति पकड़ सकें। राज्य में कानून व्यवस्था में यह बदलाव दिखाई देना चाहिए। एक दो दिन में नई सरकार की ताजपोशी भी हो ही जाएगी। उससे पहले कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम नागरिक को कष्ट नहीं हो और दोषी किसी भी हाल में बचे नहीं। चुनाव आयोग को भी हालात की गंभीरता को देखते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन केवल गिरफ्तारी कर लेना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिंसा के पीछे जो लोग हैं, उन्हें राजनीतिक संरक्षण से ऊपर उठकर कानून के दायरे में लाया जाए। वर्षों से राज्य की राजनीति में राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल एक दुर्भाग्यपूर्ण परंपरा बन चुका है। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संघर्ष का तरीका नहीं बदला। यही कारण है कि हर चुनाव के बाद तनाव, डर और असुरक्षा का माहौल बन जाता है। यदि नई सरकार शुरुआत में ही उपद्रवियों को सख्त संदेश देने में सफल रहती है, तो इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि कार्रवाई केवल राजनीतिक विरोधियों तक सीमित रही और वास्तविक दोषियों को संरक्षण मिला, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को संयम और शांति का संदेश देना चाहिए। राजनीतिक लाभ के लिए नफरत और प्रतिशोध की राजनीति अंततः समाज को ही कमजोर करती है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था चाहती है, न कि भय और असुरक्षा का माहौल। चुनाव खत्म हो चुके हैं, अब समय है कि राजनीतिक दल जनता की आकांक्षाओं को समझें और राज्य को स्थिरता तथा विकास की दिशा में आगे बढ़ाएं। लोकतंत्र की असली ताकत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और कानून के सम्मान में होती है। यदि चुनाव परिणाम के बाद भी लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगे, तो यह किसी भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। इसलिए बंगाल में हिंसा के दोषियों पर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी अनिवार्य है।

वर्षगांठ
नरेंद्र मोदी

सोमनाथ से मिलती है एकता की सीख

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी।

ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया

जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

उम्मीद
बृजमोहन अग्रवाल

मोदी की भाजपा बंगाल का पुराना वैभव लौटाएगी

देश का विरोध करते-करते भगवान राम का विरोध करने वालों का यही हश्र होना था। यशस्वी प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी और चुनावी रणनीति में बेहद चौकन्ने और अब तक के सर्वोच्च कुशल संगठनकर्ता केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शानदार, दमदार और जानदार राजनयिक जुगलबन्दी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के बाद अब बंगाल पर विजय हासिल करके देश को चौतरफा विकास की ओर आगे बढ़ा दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल की 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटों की जीत के साथ बंग भूमि को प्राचीन काल की तरह और उर्वर बनाने के लिए बेहद पुख्ता ढंग से काबिज हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का प्रखर विरोध करते हुए अपनी जान तक गंवाने वाले मां भारती के अजर अमर लाल और पश्चिम बंगाल में ही जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा आज बंगाल में हर तरफ़ भगवा लहराने से संतृप्त हुई होगी। मैं डॉक्टर साहब के अमर बलिदान को याद करते हुए यही कहना चाहूंगा वंदे मातरम, तेरा वैभव अमर रहे मां...अब हम सभी बड़े गर्व से कह सकेंगे कि जहा जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वह बंगाल भी हमारा है। अब गंगोत्री से गंगासागर तक हम सभी को पतित पावनी मां गंगा का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव परिणाम बंगाल के लोगों की सामूहिक राष्ट्रीय चेतना का भव्य प्रदर्शन है। यह जीत देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है। ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव अखंड भारत के शाश्वत प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन है, जिनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल मार्गदर्शन से पार्टी को ऐसी सुनहरी जीत मिल सकी है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं और जन जन में यह विश्वास है कि भाजपा बंगाल को उसका पुराना वैभव देने में अवश्य कामयाब होगी। पहले कांग्रेस फिर वामपंथी दलों और बाद में ममता बनर्जी की अत्याचारी और हिंदू दमनकारी सरकार की वज़ह से कुंद हो चुके हिंदुत्व ने आपसी प्रेम बंधुत्व और भाई चारे के माहौल में अपनी धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ ख़ुशी-ख़ुशी जीना शुरू कर दिया है। बंगाल के हिंदुओं के चेहरे में एक अपरिमित ख़ुशी झलक रही है। सबसे पहले अंग्रेजों ने उर्वर बंगाल की भूमि का विभाजन कर देश की आर्थिक-सामाजिक संस्कृति को चोट पहुंचाई। कालांतर में वामपंथियों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल में शासन किया और नतीजा यह रहा कि जो राज्य कभी देश की राजधानी हुआ करता था और विकसित राज्यों की श्रेणी में था, वह आज नीचे से भी कहीं नहीं रहा। और फ़िर ममता बनर्जी का आतंक सिंडीकेट माफियाओं ने इस राज्य के लोगों के अमन चैन और ख़ुशहाल संस्कृति का सत्यानाश कर डाला। गत 45 साल यहां के धर्मिक और सामाजिक साथ ही मेहनती और लगनशील लोगों की आवाज को इन्हीं तथाकथित प्रगतिशील लोगों ने दबाकर रखा था जो बंगाल चुनाव परिणाम के रूप में साकार हुई है। बंगाल अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कुशल प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ साथ धार्मिक संस्कारों में फलीभूत होते हुए फ़िर से अपनी उर्वरता हासिल करते हुए देश को और विकसित करने में अपना शाश्वत योगदान देता रहेगा।

(लेखक रायपुर से भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

बुरा मित्र जानवर से ज्यादा खतरनाक

संकलित
दर्शन

गौतम बुद्ध कहते हैं कि एक बुरा मित्र किसी जानवर से भी ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि एक जानवर सिर्फ हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन बुरा मित्र हमारे दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि जिसे जान-बूझकर झूठ बोलने में लज्जा नहीं, वह कोई भी पाप कर सकता है, इसलिए तू यह हृदय में अंकित कर ले कि मैं हंसी-मजाक में भी कभी असत्य नहीं बोलूंगा। क्रोध को प्रेम से जीतें, बुराई को भलाई से जीतें। यह विचार प्रतिशोध के चक्र को तोड़कर करुणा और क्षमा को अपनाने का मार्ग दिखाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि हम चाहें कितनी ही अच्छी किताबें पढ़ लें, कितने भी अच्छे शब्द सुनें, लेकिन जब तक उन्हें अपने जीवन में नहीं उतारते हैं, तब तक उसका कोई फायदा नहीं है। गौतम बुद्ध कहते हैं, सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

ईश्वर कैसे होते हैं प्रसन्न

संकलित
प्रेरणा

एक बार दुर्वासा मुनि, देवताओं की नगरी अमरावती में गए। पूरा शहर उत्सव की शोभा से दमक रहा था। दुर्वासा ने वहां उपस्थित नारद से इसके बारे में पूछा, इस उत्सव का क्या कारण है? देवर्षि नारद ने जवाब दिया, आज पूर्णिमा का दिन है। देवताओं के राजा इंद्र, माता अदिति की पूजा कर रहे हैं। उत्सव की वैभवपूर्ण तैयारियों को देखकर दुर्वासा मुनि आश्चर्य चकित हुए। सैकड़ों सुवर्ण थालियों में फूलों को सजाकर मां की पूजा के लिए रखे जा रहे थे। दुर्वासा मुनि इन तैयारियों के बारे में मां को स्वयं बताना चाह रहे थे। वे मां के द्वार पर गए। द्वारपालकों ने मुनि से कहा 'हे मुनिवर! मां बीमार हैं। आप उनसे अभी मिल नहीं सकते। द्वारपालकों की बातों को नजरंदाज कर मुनि सीधे मां के कक्ष में गए, जहां देव माता अदिति शैय्या पर लेटी हुई थीं। मुनि ने देवी से पूछा, 'मां! आप अस्वस्थ क्यों हैं? आप तो इससे परे हैं न?' देव माता ने नारद के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, 'यह सब देवेंद्र के कारण हुआ है, जो अपनी संपदा के दिखावे के लिए मेरी पूजा स्वर्ण पुष्पों से कर रहा है। उन स्वर्ण पुष्पों से ही मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं। दुर्वासा ने देवी से फिर पूछा, यह बताइए मां, आपका यह रोग कैसे ठीक होगा? मां ने जवाब दिया, वाराणसी के विशालाक्षी मंदिर में एक व्यक्ति है, जो मेरी चिकित्सा करने में समर्थ है। दुर्वासा तुरंत वाराणसी गए।

अंतर्मन

आज की पाती

क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *- गज्जू राम यादव, दुर्ग*

ट्रेंड

शासन का मूल्यांकन

हम यहां व्यवस्था का प्रबंधन करने नहीं, बल्कि उसे बदलने के लिए आए हैं। शासन का मूल्यांकन फाइलों की हेराफेरी या प्रस्तुत रिपोर्टों से नहीं, बल्कि प्राप्त परिणामों और बेहतर हुए जीवन से होता है।
- **एन चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

कानून-व्यवस्था

बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के एक करीबी सहयोगी की हत्या से कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। राजनीतिक मतभेदों के बीच हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर, भारतीय सेना के वीर सैनिकों को हार्दिक सलाम। आपके अद्वितीय शौर्य ने राष्ट्र का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी बहादुरी ने उन कायर आतंकवादियों को दिखा दिया है कि हमारे देश पर किए गए घिनौने आतंकवादी हमलों का क्या अंजाम होता है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

ईडी की रेड

ईडी ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर के करीबी सहयोगियों के घरों पर छापा मारा। ईडी को आते देख इन लोगों ने नौवीं मंजिल से नोटों से भरे बैग फेंकना शुरू कर दिया। यही लोग सीएमओ में बैठकर दलाली करते हैं।
- **स्वाति मालीवाल,** राज्यसभा सदस्य

करंट अफेयर

शुभेंदु के सहयोगी की हत्या से बंगाल में बढ़ी हिंसा की आशंका

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का नतीजा सत्ता परिवर्तन के रूप में सामने आने के महज 48 घंटे बाद वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी की हत्या ने राज्य को ऐसी स्थिति में धकेल दिया है जहां चुनाव बाद की हिंसा के लोकतांत्रिक परिवर्तन पर भारी पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद छिटपुट झड़पों के रूप में जो शुरू हुआ था, वह अब तेजी से एक बड़े टकराव का रूप ले चुका है, जिसमें भय, प्रतिशोध का विमर्श और राजनीतिक रूप से संवेदनशील जिलों में क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई शामिल है। बंगाल में अपनी पहली सरकार बनाने की तैयारी कर रही भाजपा के लिए यह हत्या एक चुनौती होने के साथ-साथ एक राजनीतिक अवसर भी है। चुनौती भावनात्मक रूप से आवेशित भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जवाबी हिंसा को रोकने की है जबकि अवसर भगवा खेमे के लंबे समय से चले आ रहे इस आरोप को पुष्ट करने का है कि तृणमूल शासन के तहत धमकियां, लक्षित हमले और मजबूत स्थानीय सत्ता नेटवर्क बंगाल की राजनीति में हिंसा की संस्कृति को दर्शाते रहे हैं। घटना को 'पूर्व नियोजित' बताते हुए, अधिकारी ने आरोप लगाया कि उनके करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या करने से पहले कई दिन तक उनकी रेकी की गई।

ऑफ बीट

स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने कार्यबल का दिया प्रस्ताव

नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक और छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) को एकीकृत करने का सुझाव दिया है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं। पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य-आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये 'समाज के समग्र दृष्टिकोण' को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

कई नेता आज ट्रेन से जाएंगे, कई विमान से भी जाएंगे

बंगाल में शपथ ग्रहण के कारण टली कार्यसमिति सीएम साय, कई मंत्री और भाजपा नेता जाएंगे

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति को बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के कारण टाल दिया गया है। कार्यसमिति इसी माह किसी भी दिन होगी। बंगाल के शपथ ग्रहण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव सहित कुछ मंत्री, बंगाल चुनाव में मोर्चा संभालने वाले प्रदेश के सभी भाजपा नेता जाएंगे। सभी को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रण मिला है। कई नेता शुक्रवार को ही ट्रेन से रवाना हो रहे हैं। कई नेता शाम को विमान से भी जाएंगे।

करीब पौने दो साल बाद जाकर प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति 8 और 9 मई को तय की गई थी। इसको लेकर तैयारी भी चल रही थी, लेकिन बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के कारण अब वहां पर शनिवार को मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण होने वाला है। इसमें प्रदेश के कई नेता

जाएंगे। ऐसे में कार्यसमिति को अभी टाल दिया गया है। जल्द ही इसके लिए नई तारीख तय की जाएगी। बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी के साथ ही प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, दयालदास बघेल, गजेंद्र यादव के अलावा वहां पर चुनावी मोर्चा संभालने वाले विधायक राजेश मूणत, ललित चंद्राकर, सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सौरभ सिंह, अनुराग सिंहदेव, भूपेंद्र सवन्नी, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जयंती पटेल, संजय श्रीवास्तव, राजा पांडेय, जितेंद्र वर्मा, नीलू शर्मा, निरंजन सिंहा, रिकेश सेन, प्रीतपाल बेलचंदन सहित जितने भी नेताओं को वहां पर चुनाव का जिम्मा मिला था सभी जाएंगे।

अहम होगा राजनीतिक प्रस्ताव

कार्यसमिति में सबसे अहम राजनीतिक प्रस्ताव रहता है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के साथ ही प्रदेश स्तर का राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर इस मामले में देश भर में निंदा प्रस्ताव लाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भाजपा के राज्यों में राज्य संगठनों में कार्यसमिति करके भी निंदा प्रस्ताव लाने की योजना है। यहां पर जब भी भाजपा की कार्यसमिति होगी तो इसमें राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन को लेकर भी प्रस्ताव लाया जाएगा। राजनीतिक प्रस्ताव में राज्य स्तर पर प्रदेश सरकार के कामों को लेकर प्रशंसा भी होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार के कामों को लेकर भी प्रस्ताव लाया जाएगा।

पीओएस मशीन से उर्वरक का वितरण

रायपुर। जिले में समिति स्तर पर उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण कर कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरकों की मात्रा किसानवार, रकबावार एवं आधार नंबर के साथ रजिस्टर पर संधारित की जा रही है। उर्वरक वितरण में लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जा रही है। बिना प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर अवैध कारोबार संभव ही नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा, प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल में रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं।

छत्तीसगढ़ में अब किसानों को खाद मिलेगी ई उर्वरक सिस्टम से, सोसाइटी में स्टॉक होगा तभी कटेगा टोकन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्द ही किसानों को खाद वितरण के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की जाने वाली है। यह ई उर्वरक सिस्टम कहा जाएगा। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो इस सिस्टम को राज्य मंत्रि परिषद (कैबिनेट) की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। खास बात ये है कि अब किसानों को उनकी खेत में लगी फसल के आधार पर ही खाद दी जाएगी। यही नहीं, किसानों को उनके क्षेत्र की सोसाइटी से खाद के लिए टोकन हासिल करना होगा, टोकन भी तभी जारी होगा, जब संबंधित सोसाइटी में खाद उपलब्ध होगी।

> ■ कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगा नया सिस्टम

राज्य में खाद वितरण की यह नई व्यवस्था लागू होने से पहले अब तक ये होता रहा है कि किसान अपने क्षेत्र की सोसाइटी से जरुरत के मुताबिक खाद लेते रहे है। लेकिन अब इतनी आसानी से खाद नहीं मिलने वाली है। लेकिन व्यवस्था लागू होने के बाद किसानों को खाद के लिए बार-बार सोसाइटी के चक्कर लगाने की जरुरत भी नहीं होगी। जब सोसाइटी में खाद उपलब्ध होगी तभी किसानों का टोकन कटेगा। टोकन के आधार पर किसानों को खाद मिल जाएगी। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह बदलाव इसलिए किया जा रहा है कि ताकि खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके। वैज्ञानिकों की सलाह पर बन रहा है सिस्टमउच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार ई उर्वरक सिस्टम बनाने में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की बड़ी भूमिका है। वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर यह तय किया गया है कि कितने रकबे के लिए कौन सी खाद की जरुरत कितनी मात्रा में होगी। बताया गया है कि वैज्ञानिकों ने विभिन्न किस्म की फसलों के लिए नौ प्रकार के उर्वरक की डोजिंग तैयार की है। इसका मतलब ये है कि कौन सी फसल को कितने रकबे के लिए कितनी खाद की जरूरत होगी।

तीन पोर्टलों के जरिए होगा ये काम

बताया गया है कि ई उर्वरक सिस्टम लागू करने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल, भुईयां और यूनिफाइड फार्मर पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इसमें किसानों की फार्मर आईडी देखी जाएगी, भुईयां पोर्टल से पता लगेगा कि किसान की जमीन कितनी है और युनिफाईड फार्मर पोर्टल से पता लगेगा कि किसान की जमीन पर कौन सी फसल लगी हुई है। इसी आधार पर यह तय होगा कि किसान को कौन सी खाद कितनी मात्र में दी जानी है। इस सिस्टम में शामिल होने के लिए किसानों को मोबाइल या एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अब ये होगा कि सोसाइटी से कोई भी व्यक्ति अब पहले की तरह खाद नहीं ले पाएगा। उसे ई उर्वरक सिस्टम का हिस्सा बनना होगा।

वित्तीय भुगतान करने पेशनरों की सहमति जरुरी नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती की याचिका पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश राकेश मोहन पाण्डेय ने अपने निर्णय में छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को सौगात दिया है। दिए गए निर्णय में मप्र राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) में कोई ऐसी आपसी करार नहीं होने के बावजूद भी वित्तीय भुगतान करने के लिए केवल पेंशनरों के लिए सहमति आवश्यता को न्यायालय ने नकार दिया। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने इन मांगों के लिए लगातार मप्र एवं छग शासन को पत्र लिखते रहे, लेकिन पेंशनरों की आवाज सुनी नहीं गई। फलस्वरूप उन्होंने 12 अगस्त 2021 को आवश्यक कागजात एवं साक्ष्य इकट्ठा कर उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर को याचिका अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया। न्यायालय ने पांचवा वेतनमान में 1 जनवरी 1996 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को जनवरी 1996 से ही पेंशन भुगतान किया गया। कंडिका 8 में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने डॉ. सुरेन्द्र नारायण गुप्ता के प्रकरण की कण्डिका 25 में उल्लेख किया गया है।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE INTERNATIONAL INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, NAYA RAIPUR
(A Joint Initiative of Govt. of Chhattisgarh & NTPC)

Ref. No: IIITNR/ACAD/R&I/ADMSN/PHD/2026-27/ Dated: 08/May/2026

ROLLING ADVERTISEMENT FOR PH.D. ADMISSIONS AUTUMN SEMESTER-2026

IIIT-Naya Raipur invites applications for Full-Time/Part-Time/Sponsored/Self-Financed admissions to the Ph.D. Program in CSE, ECE, Mathematics, Physics, Humanities, Management and interdisciplinary disciplines: Business Informatics, Cyber Security & Digital Forensics, Digital Humanities, Digital Mobility and Quantum Technologies. The last date for filling of application is 22/May/2026. Please refer to the institute website: https://www.iiitnr.ac.in/content/rolling-advertisement-phd-admissions-autumn-semester-2026 for more details.

Dean (R&I)

Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.

फीलिंग्स

माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्ट: हरिति जोशी

इन दिनों सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *

मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशन: आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'

इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'

इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलती है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है: संवेग कौदान

सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है। अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या

किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *

मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैं: अकदास खान

सन नियो के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'



इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *

प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *

किताब: बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

जीके क्विज-204

1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?



बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-203 का उत्तर : 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले : पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।

मां, आपको पता है न?



एआई इमेज

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा था: मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यही रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

एआई इमेज

मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

रंग भरो-201

रंग भरो-201 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

रशिका, जांजगीर

अद्विक, रायपुर

इरा, कोरबा

आयांश, दुर्ग

प्रगति, बिलासपुर

साक्षी, रायपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

रंग भरो 202

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

बढ़ती लागत के दबाव से निपटने प्रौद्योगिकी को अपना रहा रियल एस्टेट क्षेत्र : रिपोर्ट

उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की संयुक्त रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र बढ़ती लागत के दबाव और सख्त नियामकीय अनुपालन के बीच मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने के लिए तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों (टूल) को अपना रहा है। उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2025 में 650 अरब डॉलर का था। फिक्की और परामर्श कंपनी केपीएमजी की रिपोर्ट 'भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य की पुनर्कल्पना - मूल्य श्रृंखला परिवर्तन में प्रौद्योगिकी की भूमिका' बृहस्पतिवार को यहां जारी की गई। फिक्की द्वारा आयोजित एक रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''... यह क्षेत्र अब मूल्य श्रृंखला में तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों को अपना रहा है।''रिपोर्ट कहती है कि भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र परियोजनाओं की योजना, निष्पादन, बिक्री और प्रबंधन के तरीके में संरचनात्मक बदलाव का अनुभव कर रहा है।

मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने डिजिटल टूल अपना रहा

भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर पहुंच जाएगा

वर्ष 2025 में देश का रियल एस्टेट क्षेत्र 650 अरब डॉलर का था

रीट व इनवीट से 16 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई

इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि रीट (रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट) के माध्यम से 16 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटाई गई है। यह दर्शाता है कि बाजार अब संस्थागत रूप से प्रबंधित, पारदर्शी मंचों की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है।

आज के उपभोक्ता पहले से अधिक जानकार

कार्यक्रम के दौरान, स्क्वायर याड्‌र्स के सह-संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) हितेश सिंगला ने कहा कि भारतीयों के रियल एस्टेट से जुड़ने के तरीके में निर्णायक बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ''आज के उपभोक्ता कुछ साल पहले की तुलना में कहीं अधिक जानकार, डिजिटल रूप से जागरूक हैं।

संपत्ति लेनदेन को अब अलग थलग नहीं देखा जाता

संपत्ति लेनदेन को अब अलग-थलग खरीदारी के रूप में नहीं देखा जाता है। खरीदार अब खोज, वित्तपोषण, सलाहकार सेवाओं, दस्तावेजीकरण और बिक्री के बाद की सेवा तक एक सहज प्रक्रिया की अपेक्षा करते हैं।''

पेटीएम को 183 करोड़ रुपए का मुनाफा

नई दिल्ली। पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस मार्च, 2026 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 183 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा कमाया है।

संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व एवं कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन बिलासपुर में वन्यजीव संरक्षण/विशिष्ट प्रजातियों जैसे क्षेत्र में अनुभवी 01 बायोलॉजिस्ट तथा पर्यावरण शिक्षा, वन्यजीव संरक्षक या संबंधित क्षेत्र में अनुभवी 01 नेचर एजुकेशनिस्ट एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन या संबंधित क्षेत्र में अनुभवी 01 पैरावेट की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी की जाती है। यह पद पूर्णत: अस्थायी है तथा 01 वर्ष के अनुबंध के रूप में किया जावेगा।

चल साक्षात्कार हेतु आवेदन एवं समस्त दस्तावेजों के साथ स्थान-कार्यालय संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, कोनी बिलासपुर में दिनांक 18.05.2026 को उपस्थित होना होगा। आवेदन दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक जमा किया जावेगा तथा पात्र आवेदकों का चल साक्षात्कार दिनांक 18.05.2026 को ही समय शाम 03:00 बजे से किया जावेगा। आवेदन और योग्यता संबंधी विवरण विभागीय वेबसाइट www.cgforest.com से डाउनलोड किया जा सकता हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भर्ती के संबंध में कोई भी बदलाव, संशोधन अथवा चयन की सूचना विभागीय वेबसाइट www.cgforest.com में दी जावेगी। समय-समय पर उक्त विभागीय वेवसाइट का अवलोकन कर सकते है।

संचालक
अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 262700561/2

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा का दूसरा जत्था चारधाम के लिए रवाना 210 श्रद्धालु शामिल

हरिद्वार। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पावन संगम के बीच श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित चारधाम यात्रा के दूसरे जत्थे का शुभारंभ 4 मई 2026 से हो चुका है। इस पवित्र यात्रा में कुल 210 श्रद्धालु शामिल हैं, जो आज हरिद्वार से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात उत्तराखंड के दिव्य धामों की ओर रवाना हुए। यह आध्यात्मिक यात्रा 18 मई 2026 तक चलेगी।

इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान केदारनाथ, भगवान बद्रीनाथ, मां यमुनोत्री और मां गंगोत्री जैसे पवित्र चारधामों के दर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण मंदिर, काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग, धारी देवी मंदिर तथा भारत के अंतिम गांव माणा गांव जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का भी लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

समिति के अनुसार, इस वर्ष कुल 11 जत्थों में यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लगभग 2000 श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा का पुण्य लाभ दिलाया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि श्रद्धालुओं को एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव भी प्रदान करता है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समिति द्वारा व्यापक और सुविचारित व्यवस्थाएं की गई हैं। हरिद्वार तक आने-जाने के लिए ट्रेन टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में सुगम यात्रा हेतु 2×2 सीटिंग वाली 27-सीटर बसें और टेंपो ट्रैवलर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे यात्रियों को आरामदायक सफर का अनुभव मिल सके। रात्रि विश्राम के लिए उत्तम होटलों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सुबह का नाश्ता और रात्रि भोजन के लिए विशेष कुकिंग टीम तैनात की गई है, जो यात्रियों को ताजा, स्वच्छ और गरमा-गरम भोजन उपलब्ध कराएगी।

ट्रेन यात्रा के दौरान भी भोजन (लंच) की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पूरी यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और आनंदमय बनाने के लिए अनुभवी गाइड एवं प्रबंधक दल भी साथ में मौजूद रहेगा, जो हर कदम पर यात्रियों का मार्गदर्शन और सहयोग करेगा।

आरबीआई 'मनी चेंजरों' के लिए नए लाइसेंस नहीं करेगी जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- विदेशी मुद्रा लेनदेन से जुड़े संस्थानों के लिए नए मानक जारी
- उद्देश्य, अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा लेनदेन से जुड़े संस्थानों के लिए संशोधित मानक जारी करते हुए कहा है कि अब 'मनी चेंजरों' के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (अधिकृत व्यक्ति) विनियमन, 2026' के तहत यह बदलाव किया है।

इसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करना और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। आरबीआई ने कहा कि नए ढांचे के तहत विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए सभी संस्थाओं को उसकी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री के लिए अधिकृत डीलरों की श्रेणियों और नियमों को भी संशोधित किया गया है। नए नियमों के तहत, नए लाइसेंस के लिए आवेदन तीन श्रेणियों में किया जा सकेगा। बैंकों को अधिकृत डीलर श्रेणी-1 के तहत आवेदन करना होगा। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), पूरी तरह मनी चेंजर का काम करने वाले या दो वर्षों से काम कर रहे एवं दो वित्त वर्षों में औसतन 50 करोड़ रुपये का वार्षिक विदेशी मुद्रा कारोबार करने वाले संस्थान अधिकृत डीलर श्रेणी-2 के तहत आवेदन कर सकेंगे।

मनी चेंजर के लिए आवेदन पर अब विचार नहीं : वहीं, विदेशी मुद्रा से जुड़े नवाचार आधारित उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने वाली कुछ अन्य संस्थाओं को अधिकृत डीलर श्रेणी-3 में रखा गया है।

ईरान संकट से मोटरसाइकिल की मांग में आई नरमी : बजाज ऑटो

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर भारत के दोपहिया बाजार पर भी दिखने लगा है। शुरुआती स्तर की मोटरसाइकिलों की मांग पर दबाव आया है, जबकि इलेक्ट्रिक स्कूटर की मांग बढ़ गई है। बजाज ऑटो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। दोपहिया वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने विश्लेषकों के साथ चर्चा में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 20 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़े मोटरसाइकिल बाजार के अब घटकर सात-नौ प्रतिशत की वृद्धि तक ही सीमित रह जाने का अनुमान है।

कार्यालय अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.)
(लालपुर रोड, कलेक्टोरेट ऑफिस के पास, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Email ID- gmckawardha@gmail.com
Phone no-07741-299200

क्रमांक/44/स्था./अधि.कार्या./शा.चि.महा./2026-27,
कबीरधाम, दिनांक: 4/5/2026

संविदा भर्ती सूचना

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की अधीनस्थ 05 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों (दन्तेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी-जशपुर) हेतु स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कबीरधाम में मेडिको सोशल वर्कर (03 पद), स्टेनोग्राफर ग्रेड - 3 (01 पद), टेक्नीशियन (10 पद), सहायक ग्रेड-3 (01 पद), डिसेक्शन हॉल अटेडेन्ट (01 पद) पर संविदा नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 06.05.2026 से 13.05.2026 तक आमंत्रित किये जाते है। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन, आवेदन की प्रकिया, श्रेणीवार रिक्त पद, अर्हता, आयु सीमा, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी www.cgdme.in तथा नोडल चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव की वेबसाईट https://www.abvmgmcrajnandgaon.ac.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु लिंक http://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login है।

प्रभारी अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

जी. 262700569/4

कार्यालय प्राचार्य, संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान, दुर्ग (छ.ग.)
कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे पेंशन कार्यालय (छ.ग.) 491001,
ई मेल principalats-durg@cg.gov.in

शासकीय सूचना

दिनांक 04/05/2026

छ.ग. शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना कमांक/1848/547/2024/स्था./4 दिनांक 24.12.2024 एवं संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ के पत्र क्र. 3750 दिनांक 17.11.2021 द्वारा प्रदत्त अनुमति अनुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 के लिये 04 मई 2026 से 05 जून 2026 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में, कार्यालय संचालक कोष एवं लेखा के दिशा निर्देश पत्र क्रं/सं/सं/5/89/50/भोपाल दिनांक 22.07.89 की कंडिका 6 के अनुसार 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों (अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण में कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है) के आवेदन पत्र कार्यालय प्राचार्य, संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान, दुर्ग (छ.ग.) कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे पेंशन कार्यालय (छ.ग.) को दिनांक 05 जून 2026 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। (लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर) इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञप्ति के साथ संलग्न (छायाप्रति स्वीकार्य) मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

प्राचार्य
संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान
दुर्ग (छ.ग.)

जी. 262700583/3

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	190100 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला धमतरी के उपसंभाग कुरूद अंतर्गत पचपेडी तर्रागोदी भेलवाकूदा टिपानी सेमरा (बी) मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. (2 लेन) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	1332.82
2	190102 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला धमतरी के नारी से कोकडी मार्ग लंबाई 2.05 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	358.86
3	190104 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के करमडीहा से बेंगो मार्ग पर ईरीया नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	475.87
4	190105 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला रायपुर के छछानपहरी से (नकटी) कुम्हारी मार्ग लंबाई 2.35 कि.मी. का निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। विधान सभा संभाग रायपुर।	486.33
5	190107 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के लिए "Diets of Excellence" का निर्माण कार्य (प्रशासनिक ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, पुरूष शौचालय, महिला शौचालय, CWSN शौचालय, संधारण एवं रखरखाव, पार्किंग सुविधा, कैंटीन / केफेटेरिया, लेंड स्केपिंग कार्य, Green Campus Iniviative, फैमिली क्वार्टर, बोरवेल सुविधा, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, पेयजल सुविधा एवं विद्युतीकरण कार्य सहित, जमा मद का कार्य।	304.20
6	190012 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला बालोद के पिनकापार से रीवागहन मार्ग लंबाई 2.95 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	309.78
7	190013 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला महासमुंद के बुटीपाली से लोहारपाली-खैरजुड़ी मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	324.52
8	190014 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला राजनांदगांव (खैरागढ़ छुईखदान गण्डई) के खैरागढ लांजी मार्ग (एस.एच. 22) के कि.मी. 4 से 10 = 7.00 कि.मी. में मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	454.30
9	190015 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई वि.ख. छुईखदान के गण्डई से पण्डरिया व्हाया दौजरी मार्ग लंबाई 3.80 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	446.40
10	190073 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला रायपुर के दादरझोरी मानिकचौरी मार्ग लंबाई 2.69 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	451.74
11	190083 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	डिंडोल माइनर केनाल से चंद्रपुर विचारपुर मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	234.83
12	190084 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी- भरतपुर नवीन लाईवलीहुड कॉलेज भवन का निर्माण कार्य।	409.24
13	190087 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला धमतरी के राजनांदगांव गुण्डरदेही धमतरी नगरी सिहावा बोराई मार्ग (राज्यमार्ग क्र. 23) के कि.मी. 89/6 (सियादेही) में मध्यम पुल के निर्माण कार्य।	250.67
14	190004 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई वि.ख. खैरागढ़ के टाऊन मार्ग लंबाई 4.205 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 4.10 कि.मी.) का नाली सहित निर्माण कार्य।	455.54
15	190008 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला दुर्ग के कोहका कुरूद मार्ग से 80 एल.आई.जी. मुख्य मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. तक का पुल पुलिया सहित मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	263.73
16	190009 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला दुर्ग के जेवरा-सिरसा से भटगांव मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	389.26
17	190010 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला बेमेतरा के छिरहा बायपास मार्ग लंबाई 1.10 कि.मी. का पुल पुलिया सहित कांक्रीटीकृत मार्ग निर्माण कार्य।	264.31
18	190011 प्रथम आमंत्रण 30.04.2026	जिला महासमुंद के बडेसाजापाली से कर्राभनियाडीपा से हेडसपाली पहुंच मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	494.24

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 18 दिनांक 25.05.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी. 262700580/6

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
''सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन'' सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018

फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.og.nic.in
क्र./बी-6/मंडी आमनदुला/41-01/2026-27/827 — नवा रायपुर, दिनांक/05/05/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला जिला सक्ती अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 29.05.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि- 04.06.2026

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला, जिला सक्ती, वि.खं. मालखरौदा, क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नगझर के धान खरीदी केन्द्र में चबूतरा, अहाता, शेड निर्माण।	47.51	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर।
2	कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला, जिला सक्ती, वि.खं. मालखरौदा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नगझर में 02 स्थानों में सी.सी. रोड़ निर्माण।	36.84	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव - कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला जिला सक्ती

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला जिला सक्ती

S-47746

कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

क्र./517/न.पा.नि./ लो0नि0वि0/2026 — जगदलपुर दिनांक 07/05/2026

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा विभिन्न योजना के तहत स्वीकृति कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''A'' में दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 29/05/2026 को सांय 02.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 29/05/2026 को समय 02.30 बजे खोले जावेगें। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 20/05/2026 को सांय 04.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 21/05/2026 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in में देखी / प्राप्त की जा सकेगी ।

क्र.	कार्य का नाम	अनु लागत (लाख में)	अमानत राशि
1	भैरमदेव वार्ड क्र.-04 में अंकिता प्रोविजन स्टोर्स से सामुदायिक भवन तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण)	08.36	8500.00
2	रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 12 में मुखर्जी टेण्ड हाउस से गुप्ता सिमेंट से सुरेश श्रीवास घर तक सी.सी. सोल्डर कार्य (शेष कार्य) (अघो. 601.96) (तृतीय आमंत्रण)	04.57	4600.00
3	रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 12 हिंगलाजिन मंदिर से कृष्णा घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (शेष कार्य) (विधायक निधि) (तृतीय आमंत्रण)	03.11	3200.00
4	मदर टेरेसा वार्ड क्र. 26 के शंकर मंदिर के पास टीन शेड निर्माण कार्य (विधायक निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	04.30	4300.00
5	अटल बिहारी बाजपेई वार्ड के हनुमान मंदिर के पीछे चौरिया गली में 120 मी.आर.सी.सी. नाली निर्माण (विधायक निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	04.39	4400.00
6	भैरमदेव वार्ड क्र. 4 में ममता घर से जेल बाड़ी तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (अधो. 1027.60) (द्वितीय आमंत्रण)	09.88	10000.00
7	शिवमंदिर वार्ड क्र.-03 में धर्मेन्द्र किराना स्टोर के पीछे से झिटकूराम घर तक एवं करन दुकान से घासी घर तक डोंगाघाट तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	06.00	6000.00
8	भैरमदेव वार्ड क्र.-04 में पी.डी.एस. दुकान के बाजू में सामुदायिक भवन निर्माण (द्वितीय आमंत्रण)	07.00	7000.00
9	भैरमदेव वार्ड क्र.-04 में अंकिता प्रोविजन स्टोर्स से सामुदायिक भवन तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	08.36	8500.00
10	छत्रपति शिवाजी वार्ड जगदलपुर कंगोली में वेदमाता शिक्षण संस्थान के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	09.99	10000.00
11	वीरसावरकर वार्ड क्र. 05 पथरागुड़ा माता गुड़ी में आर.सी.सी. शेड निर्माण कार्य (ब.वि.प्रा.)	05.00	5000.00

आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

S-47750 ''नगरपालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें''

साउथ इंडियन बैंक के लाभ में 19 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 407.50 करोड़ रुपये रहा। बैंक का शुद्ध लाभ 342.19 करोड़ रुपये रहा था। 2025-26 की समूची अवधि में उसका शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 1,455 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 1,303 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक के सकल ऋण में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

जीसीपीएल का लाभ बढ़कर हुआ 451.77 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 9.67 प्रतिशत बढ़कर 451.77 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू बाजार से मात्रा में बढ़ोतरी और लागत का बेहतर प्रबंधन ने लाभ बढ़ा है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 411.9 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में परिचालन राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 3,900.44 करोड़ रुपये हो गया, जो पहले 3,514.23 करोड़ रुपये था। जीसीपीएल के प्रबंध निदेशक, सुधीर सीतापति ने बयान में कहा कि राजस्व में यह बढ़ोतरी ''मात्रा में छह प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई है।''

जनहित में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाने वाली सूचना का प्रारूप

सूचना
मूल्यांकनकर्ता शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन / नवीनीकरण

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर द्वारा छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र क्रं. एफ 9-1/2008/1-3 दिनांक 01 फरवरी 2013 एवं 3 फरवरी 2022 द्वारा प्रदेश स्तर पर सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी वर्ग के पदों की शैक्षणिक योग्यताओं में पुर्ननिर्धारण किये जाने के फलस्वरूप छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 1/8/2023 में निहित दिशा निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर प्रतिवर्ष हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की विभिन्न गति 5000, 8000 एवं 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से कम्प्यूटर सॉफ्टवयेर के माध्यम से ऑनलाईन कौशल परीक्षाएं आयोजित की जाती है।

उपरोक्तानुसार हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्युटर शीघ्रलेखन की परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य हेतु शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन / नवीनीकरण अथवा पुर्व से परिषद् कार्यालय में सेवाएं दे रहे है ऐसे शीघ्रलेखकों का भी पंजीयन किया जा रहा है जो शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त हो गये हो या संविदा पद पर कार्य कर रहे हो वे भी पंजीयन के लिए पात्र होंगे। ऐसे शीघ्रलेखक जो शासकीय सेवा में 10 वर्ष की सेवा शीघ्रलेखन के पद पर करने का कार्यानुभव रखते है वे संलग्न निर्धारित आवेदन पत्र की पूर्ति करने के पश्चात आवेदन पत्र कार्यालय प्रमुख से अग्रेषित कराकर परिषद् कार्यालय माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड ऑफिस केम्पस, कक्ष क्रं. 7, प्रथम-तल, एकीकृत परिसर, पेंशन-बाडा, टैगोर नगर, कार्यालय का दूरभाष क्रं. 0771-2511183, पुराना रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड-492001 में दिनांक 20/5/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है इनका पंजीयन 3 वर्ष (वर्ष 2026 से 2029 तक) के लिए होगा।

उपरोक्त कम में शासकीय कोषालय में "लेखा शीर्ष" 0202-शिक्षा खेल-कूद कला तथा संस्कृति (1) सामान्य शिक्षा (600) सामान्य के अन्तर्गत बैंक चालान अथवा ऑनलाईन चालान रूपये 100/- जमा कराकर चालान की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।

सहायक संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़

जी. 262700565/2

रिश्वत लेने का लगा था आरोप
दोषी पाते ही अदालत ने दिया आदेश

रिश्वत पर जीरो टालरेंस, चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

चीन में नेताओं और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार या देश से की गई गद्दारी के आरोप के बाद कड़े एक्शन लिए जाते हैं। कई मामलों में मौत की सजा भी सुनाई जाती है। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। इस बीच चीन से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां पर दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा सुनाई गई है। दरअसल, चीन की एक अदालत ने दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में दोषी पाया और उन्हें सीधे मौत की सजा सुनाई है। हैरान करने वाली बात है कि रिपोट्‌र्स में दावा किया गया कि इनमें से एक नेता चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी बताए जा रहे हैं।

जानिए कब रहे चीन के रक्षा मंत्री

गौरतलब है कि वेई फेंगहे ने साल 2018 से 2023 तक चीन के रक्षा मंत्री के रूप में काम किया है। वहीं, ली शांगफू उनके बाद कुछ महीनों के लिए मंत्री बने थे। इन दोनों ने एक समय पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी राकेट फोर्स की कमान भी संभाली थी।

जिनपिंग ने अपने मातहतों को दी मौत

दिलचस्प बात यह है कि चीन ने अपने जिन दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा दी है, वह दोनों राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सानिध्य में काम कर चुके हैं। वह जिनपिंग की अध्यक्षता वाले केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे हैं। बावजूद जिनपिंग ने उन पर कोई रहम नहीं दिखाया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिनपिंग भ्रष्टाचार के खिलाफ कितने सख्त हैं।

जिनपिंग के करीबी माने जाते हैं सजा पाने वाले दोनों नेता

पहले दो साल राहत

इन दोनों मंत्रियों को पहले दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। सजा पाने वाले नेताओं की पहचान वेई फेंगहे और ली शांगफू के तौर पर हुई है, जिन्हें चीन की सैन्य अदालत ने अलग-अलग मामलों में मौत की सजा सुनाई है। फेंगहे पर हाल में ही रिश्वक लेने का आरोप लगा था। वहीं, दूसरे पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर रिश्वत लेने के साथ रिश्वत देने का भी आरोप लगा है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई है।

जिनपिंग ने स्वयं बनाया था फेंघे को रक्षामंत्री

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वी फेंघे को खुद रक्षा मंत्री के लिए चुना था। वी फेंघे 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, वहीं शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ ही महीने पहले ही यह पदभार ग्रहण किया था। फेंघे और शांगफू दोनों चीन के एयरोस्पेस इंजीनियर थे। दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था।

पहले भी कई नेता पा चुके हैं सजा

बता दें कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सत्ता में आने के बाद चीन में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती रही है। शी जिनपिंग ने 2012 में सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है, जिसमें कई सैन्य जनरल समेत दस लाख से अधिक अधिकारियों को सजा सुनाई जा चुकी है। हालिया घटना चीन में सैन्य और राजनीतिक नेताओं के बीच चल रही सख्ती का एक उदाहरण है।

खबर संक्षेप

गुरुग्राम में राहुल की 'सद्भाव यात्रा'

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल

गांधी आज गुरुग्राम में कांग्रेस की 'सद्भाव यात्रा' में शामिल होंगे। हरियाणा की राजनीति में इसे कांग्रेस के लिए एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी न केवल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगी, बल्कि राज्य में बिखरी हुई कांग्रेस इकाइयों को एक मंच पर लाने का भी संदेश देगी। यह यात्रा पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही राज्यव्यापी 'सद्भाव यात्रा' का हिस्सा है। कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी शुक्रवार शाम 4:30 बजे हरि नगर स्थित सब्जी मंडी से खांडसा रोड पर स्थित एस.डी. स्कूल तक 'सद्भाव यात्रा' में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे एस.डी. स्कूल परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही राज्यव्यापी 'सद्भाव यात्रा' का हिस्सा है, जो पिछले कई महीनों से हरियाणा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से गुजर रही है। यात्रा का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और भाजपा सरकार के खिलाफ जनमत तैयार करना बताया जा रहा है।

बिहार में सम्राट चौधरी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

निशांत सहित बनाए गए 32 मंत्री, जातीय और सामाजिक समीकरण को साधने की कवायद

बिहार में नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद सम्राट चौधरी 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री बने। सम्राट के साथ जेडीयू से डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव बने थे। अब सरकार गठन के 22 दिन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया, जिसमें नए 32 मंत्रियों ने शपथ ली।

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में सम्राट चौधरी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल का गुरुवार को विस्तार हो गया है। पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने 32 नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसमें बीजेपी से 15 और जेडीयू से 13 मंत्री बनाए गए हैं तो एनडीए बाकी घटक दल से तीन मंत्री बने हैं। इस तरह से सीएम और दोनों डिप्टीसीएम को मिलाकर अब मंत्रिमंडल में कुल 35 सदस्य हो गए हैं। एनडीए ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए बिहार के जातीय और सामाजिक समीकरण को साधने की कवायद की है। सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की भी एंट्री हो गई है। निशांत कुमार ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है।

नीतीश के बेटे को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, सिविल विमानन और ऐसे सभी विभाग अपने पास रखे हैं जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग दिया गया है, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त और वाणिज्य कर विभाग सौंपा गया है। निशान्त कुमार को स्वास्थ्य विभाग सौंपा गया है। सरकार ने विभागों का वितरण कर प्रशासनिक जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी हैं।

बीजेपी से 15 और जेडीयू से बनाए गए हैं 13 मंत्री

दर्जनभर मंत्रियों का है सियासी परिवार से ताल्लुक

तीन पूर्व सीएम के बेटे बने मंत्री

सम्राट सरकार में एक दर्जन के करीब मंत्री ऐसे बने हैं, जिनका सियासी ताल्लुक किसी न किसी राजनीतिक परिवार से है। निशांत कुमार सहित सम्राट कैबिनेट में तीन मंत्री ऐसे हैं, जिनके पिता बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। यही वजह है कि बिहार में बनी सम्राट सरकार को 'सन ऑफ सरकार' कहा जा रहा है। निशांत इकलौते नेता नहीं है, जिनते पिता सूबे के सीएम रहे हैं। इस फेहरिश्त में नीतीश मिश्रा का भी नाम है, जिनके पिता जगननाथ मिश्रा है, जो बिहार के सीएम रहे हैं। बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा के पुत्र नीतीश मिश्रा हैं। कैबिनेट में सबसे ज्यादा चर्चा संतोष कुमार सुमन की रही। संतोष सुमन, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे हैं। कैबिनेट विस्तार में उन चेहरों की भी चमक दिखी जिनके पिता दशकों तक बिहार सरकार में 'किंगमेकर' रहे. अशोक चौधरी इसका सबसे सटीक उदाहरण हैं।

कभी रिक्शा चलाते थे, मंत्री बने रत्नेश

जदयू कोटे से मंत्री बनने वालों में एक नाम चार बार के विधायक रत्नेश सदा का भी है। 55 वर्षीय रत्नेश सोनबरसा से विधायक हैं। उनके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। शुरुआत में रत्नेश ने गुजर-बसर के लिए रिक्शा तक चलाया है। 1987 में जदयू से जुड़े थे। उसके बाद 2010, 2015, 2020 और हालिया 2025 का चुनाव उन्होंने जीता। 2023 में नीतीश ने उन्हें उन्हें मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाया था।

सियासी अटकलें हुई तेज

बंगाल में ममता की बैठक से 10 विधायक गायब

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। विधानसभा चुनाव में मिली करारी मात के बाद टीएमसी में आत्ममंथन शुरू हो गया है। ममता बनर्जी ने अपने कालीघाट स्थित आवास पर टीएमसी विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें पार्टी के 80 में से 70 विधायक पहुंचे और 10 विधायक अनुपस्थिति रहे। टीएमसी विधायक दल के नेता चुनने के लिए बुलाई गई बैठक में पार्टी के 10 विधायक की गैर-मौजूदगी ने पश्चिम बंगाल की सियासत में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। हालांकि टीएमसी की ओर से कहना है कि कुछ विधायकों को कार्यकर्ताओं की मदद के लिए अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ही रहने के निर्देश दिए गए थे। अन्य विधायक कथित तौर पर मेडिकल इमरजेंसी और निजी कारणों से अनुपस्थित थे। इस तरह से टीएमसी ने पार्टी के भीतर किसी भी तरह की असहमति या मतभेद की अटकलों को कम करने की कोशिश की है।

यह कहा ममता ने

ममता बनर्जी ने अपने कालीघाट आवास पर नवनिर्वाचित तृणमूल विधायकों और नेताओं की बैठक में कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव 'लूट' लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी मतगणना के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी।

10 नेताओं की नई टीम

ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी के कुछ अपने ही लोगों ने उन्हें तोड़ा है। एक वरिष्ठ टीएमसी नेता के अनुसार ममता ने बैठक में कहा कि हमारे अपने कुछ लोगों ने हमें नुकसान पहुंचाया है। हम सभी आरोपों की जांच करेंगे। इस मामले की जांच के लिए ममता बनर्जी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं डेरेक ओ'ब्रायन, फिरहाद हकीम, चंद्रिमा भट्टाचार्य और असीमा पात्रा को शामिल करते हुए एक अनुशासन समिति बनाई है। इसके अलावा अशांति प्रभावित जिलों का दौरा करने के लिए तीन अलग-अलग फैक्ट-फाइंडिंग टीमों का भी गठन किया गया है।

नोएडा में उड़ानों का इंतजार खत्म! टिकटों की बिक्री शुरू

नई दिल्ली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के करोड़ों लोगों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत की आधिकारिक तारीख और रूट फाइनल हो गया है। इंडिगो आज से अपनी उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने जा रही है।

राशिफल

मेष: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष: मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन: व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क: परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह: संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या: संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला: वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु: क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर: व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ: आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन: मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

दो दोस्तों ने ट्रंप को दिया बड़ा झटका

सउदी, कुवैत ने अमेरिका को बेस देने से किया इंकार



एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

मिडिल ईस्ट में अब भले ही सीधे तौर पर जंग न चल रही हो लेकिन हालात अभी भी संवेदनशील हैं। अमेरिका और ईरान लगातार सक्रिय हैं। इसी बीच अमेरिका के 2 पक्के दोस्तों ने अमेरिका को झटका दिया है। सऊदी अरब और कुवैत ने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों और हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया। ऐसा इसलिये क्योंकि दोनों देश प्रोजेक्ट फ्रीडम को उन्हें बिना विश्वास में लिए शुरू किए जाने से नाराज थे। एनबीसी न्यूज के हवाले से खबर ये है कि उनकी नाराज़गी की ही वजह राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रोजेक्ट फ्रीडम अभियान को रोक दिया। सऊदी अरब, ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध खत्म करने के लिए पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिशों का समर्थन कर रहा है।

इधर, ट्रंप डील को लेकर हैं आशावादी

इधर, राष्ट्रपति ट्रंप ने हालांकि जोर दिया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, लेकिन वे डील पर आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत सकारात्मक चल रही है है और ईरान की सैन्य क्षमता कमजोर होने से समझौता संभव है। अमेरिका-ईरान युद्ध में अभी तक भारी नुकसान हुआ है। ईरान के 3,468+ लोग मारे गए। 26,500 घायल हैं। $270 अरब का सीधा आर्थिक नुकसान हुआ हैं। वहीं अमेरिका के 15 सैनिक मारे गए और 538 घायल हैं। इजरायल के 18 सैनिक और 28 नागरिक मारे गए। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका ने ईरान पर हमला करके युद्ध शुरू किया।

मणिपुर में सुबह 4 बजे कई गांवों पर किया हमला

म्यांमार बार्डर से भारत में घुसे उग्रवादियों ने जलाए मकान

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा। बाद में असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

विधायक ने कुकी नेशनल आर्मी पर साधा निशाना

फुंगयार से विधायक एल केइशिंग ने आरोप लगाया कि हमला म्यांमार की ओर से आए उग्रवादी संगठनों कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) और पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीफ) ने किया। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में अंदरूनी संघर्ष हो रहे थे, लेकिन अब बाहरी हमला हुआ है। एल केइशिंग ने कहा कि करीब साढ़े तीन बजे चार से पांच सीमा गांवों पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि कई घर जल गए हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है। दो लोग, जिनमें एक महिला शामिल है, अब भी लापता हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उन्हें हथियारबंद उग्रवादी अपने साथ ले गए।

शब्द पहेली - 6219

1	2		3		4	■	5		6	7
8		■		■	9			■	10	
	■	11				■	12	13	■	
14				■	■	15	■	16	17	
	■		■	18			19	■		■
20	21		22		■	23		24		25
■		■	26				■		■	
27		28	■		■	■	29			
	■	30	31	■	32				■	
33	34	■	35			■		■	36	
37				■	38					

बाएँ से दाएँ
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

ऊपर से नीचे
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली- 6218 का हल

आ	द	त	न	■	ल	■	या	य	लि	न
■	ल	■	रा	■	प	व	न	■	ख	फा
ए	■	■	ध	व	ल	■	र	■	■	स
ह	र	द	म	■	पा	ल	■	फ	क	त
सा	■	म	■	दा	ना	■	सा	■	मा	■
न	वी	न	त	म	■	अ	ज	वा	ई	न
■	र	■	वा	■	स	दा	■	रि	■	वी
प	ता	का	■	ह	क	■	अ	स	मा	न
र	■	■	जी	■	प	र	दा	■	■	ता
वा	त	■	न	ल	का	■	व	■	द	■
ज	रु	र	त	■	ना	■	त	ल	वा	र

सूडोकु नवताल - 6229

★☆☆☆☆ सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6228 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

खबर संक्षेप

मुनेश्वर बने प्रदेश कुनबी समाज के प्रदेशाध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष का चुनावी की घोषणा 12 अप्रैल को निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई। अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 4 मई को शाम 5 बजे तक प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। 3 मई को पूर्व अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर ने अपना नामांकन पत्र, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदेश संरक्षक एसएस ब्राम्हणकर एवं सहायक अधिकारी जेएन गोंधुले, एलएन गोंधुले के पास प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रदेश कार्यालय में जमा किया। 5 मई को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख तक केवल एक ही नामांकन पत्र के चलते रंजीत भाऊ मुनेश्वर को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े ने पिछले 7 वर्ष के रंजीत भाऊ मुनेश्वर के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके निर्विरोध निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई दी।

मानसिक रूप से बीमार युवती से रेप, युवक को उम्रकैद

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में छह साल पूर्व गूंगी तथा मानसिक रूप से बीमार 32 वर्षीय युवती से रेप के आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश शांतनु कुमार देशलहरे के फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। कोर्ट ने घटना स्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज तथा मेडकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विजयश्री बिसेन के अनुसार कोर्ट ने लेखराम यादव उर्फ लेखू को कैद की सजा सुनाई है। लेखू के खिलाफ युवती के पिता ने 19 नवंबर 2020 को थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। युवती के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि दीपक निर्मलकर मंदिर का सीसीटीवी कैमरा चेक कर रहा था। फूटेज देखने के दौरान दीपक ने देखा कि 16 नवंबर को लेखराम युवती के साथ रेप कर रहा है।

रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए 850 श्रद्धालु

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के तहत रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु एक विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु रवाना हुए। रायपुर रेलवे स्टेशन पर विदाई का दृश्य ऐसा था, मानो पूरा शहर भक्ति के रस में डूब गया हो। रामलला दर्शन योजना आज छत्तीसगढ़ में केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था का सेतु बन चुकी है।

जनगणना : मकानों में ताला लगा मिला तो भी सूचीकरण महीने भर जानकारी न मिली तो 'बंद घर' दर्ज होगा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 1 मई से शुरू हो गया है। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कर 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच प्रगणक सुबह के समय घरों में दस्तक दे रहे हैं। जनगणना के मकान सूचीकरण के दौरान यदि कोई मकान बंद मिलता है, तो उसे 'बंद घर ' के रूप में ऐप में दर्ज किया जाता है। प्रगणक उस मकान पर ताला लगा होने की स्थिति में अन्य निवासियों या पड़ोसियों से जानकारी लेकर या बाद में पुनः आकर मोबाइल नंबर दर्ज करते हैं।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने स्पष्ट किया है कि यदि गणना अवधि के दौरान किसी मकान पर ताला लगा मिलता है और पूरे एक महीने तक वहां कोई जानकारी देने वाला नहीं मिलता, तो उसे 'हाउस ऑफ यूज' कैटेगरी के तहत 'वैकेंट' और सब-कैटेगरी 'लॉक्ड' में दर्ज किया जाएगा। हालांकि ऐसे मकानों की भी नंबरिंग की जाएगी और संरचना का विवरण दर्ज होगा। प्रगणक ताला लगे घरों की सूची बनाएंगे, और बाद में निवासियों के वापस आने पर मोबाइल ऐप के जरिए 'डेटा अपडेट' विकल्प का उपयोग करके जानकारी अपडेट की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी

6 दिन में 3.50 लाख से अधिक लोगों की हुई जनगणना

जिलों में 1 मई से आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। जनगणना के के सफल संचालन हेतु राज्य में 51,300 प्रगणक एवं 9,000 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गये हैं, जो 30 मई तक घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य कर रहे हैं।सभी जिलों को अलग-अलग ब्लॉकों में बांटकर गणना की जा रही है। प्रदेश में अब तक 3.50 लाख से अधिक घरों तक प्रगणक अब तक पहुंच चुके हैं। ये सारे आंकड़े प्रतिदिन शाम तक सिस्टम में दर्ज किए जाते हैं।

जिले में 1 मई से शुरू हुए घर-घर जनगणना के काम में 6 दिन में प्रगणक 60 हजार 341 से अधिक घरों तक पहुंच चुके हैं। 2 लाख 62 हजार से अधिक सदस्य इन घरों में निवासरत हैं। नक्शा बनाने के बाद प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से 33 सवालों के जवाब ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में 3939 ब्लॉक बनाए गए है। वहीं 2438 ब्लॉक में प्रगणक तेजी से कार्य कर रहे हैं, बाकी 1501 ब्लॉक प्रगति में हैं।

नक्शे से मिल रही राहत

जो प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटा रहा है, उसे पहले अपने-अपने एरिया का नक्शा बनाने कहा गया था। जिससे उन्हें अपने ब्लॉक के घरों की जानकारी हो, और बिना किसी परेशानी के वे अपने एरिया में काम पूरी सके। इससे इन्हें काफी राहत मिल रही है। एक प्रगणक के पास करीब 180-200 घर हैं।

1 लाख 49 हजार परिवारों ने की स्व-गणना

देश में पहली बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिसमें प्रगणक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से 33 प्रश्नों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक उपलब्ध 'स्व-गणना' विकल्प के माध्यम से 1,49,862 परिवारों ने वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर अपनी सीधी भागीदारी सुनिश्चित की है। प्रगणक घर पहुंचते है, तो इसी एसई आईडी के माध्यम से ही वे सत्यापन करते है।

छत्तीसगढ़ को केंद्र ने दिया खरीफ के लिए पिछले साल से अधिक का उर्वरक लक्ष्य

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार ने खरीफ वर्ष 2026 के लिए पिछले साल से अधिक उर्वरक लक्ष्य दिया है। यही नहीं, पिछले साल की तुलना में 200 लाख मे. टन अधिक उर्वरक का भण्डारण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उर्वरकों का भण्डारण एवं वितरण सतत प्रकिया है। कृषकों द्वारा यूरिया का उठाव प्रतिवर्ष अप्रैल से लेकर सितंबर तक किया जाता है।

कृषि विभाग के मुताबिक भारत सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के लिए 15 लाख 55 हजार में टन उर्वरक का लक्ष्य प्रदाय किया गया है, जो विगत वर्ष की खपत 14 लाख 62 हजार मे. टन से 93 हजार मे.टन अधिक है। 4 मई 2026 की स्थिति में खरीफ वर्ष 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्य यूरिया 7.25 लाख मे.टन के विरुद्ध 3.74 लाख मे.टन (52 प्रतिशत), डी.ए.पी. लक्ष्य 3.00 लाख मे.टन के विरुद्ध 1.16 लाख मे.टन

(39 प्रतिशत). पोटाश लक्ष्य 80 हजार मे.टन के विरुद्ध 53 हजार मे.टन (66 प्रतिशत), एन.पी. के. लक्ष्य 2.50 लाख मे.टन के विरुद्ध 1.79 लाख मे.टन (72 प्रतिशत) एवं एस.एस.पी. लक्ष्य 2.00 लाख मे.टन के विरुद्ध 2.07 लाख मे. टन (104 प्रतिशत) इस प्रकार कुल 9.29 लाख मे.टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है, जो कुल लक्ष्य का 60 प्रतिशत है।

अब तक 58 हजार टन का वितरण

बताया गया है कि 4 मई 2026 की स्थिति में 58 हजार मे.टन उर्वरक का वितरण किया गया है। विगत वर्ष इसी अवधि में कुल 7.28 लाख मे.टन उर्वरक का भण्डारण था। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में 200 लाख मे.टन अधिक उर्वरक का भण्डारण किया जा चुका है। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि एवं उर्वरकों का भण्डारण एवं वितरण सतत प्रकिया है। कृषकों द्वारा यूरिया का उठाव प्रतिवर्ष माह अप्रैल से लेकर सितंबर तक किया जाता है। अत इसी प्रकार फॉफेटिक एवं पोटाश उर्वरक कर उठाव अप्रैल से लेकर जुलाई माह तक किया जाता है।

प्रशासनिक के बाद अब जल्द होगा पुलिस में बड़ा फेरबदल

बदले जा सकते हैं जिलों में एसपी, पांच माह पहले भी हुआ था फेरबदल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब राज्य के पुलिस में एक बड़े बदलाव की संभावना व्यक्त की जा रही है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो कई जिलों में पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों से लेकर रेंज आईडी, डीआईजी और मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अफसरों की पोस्टिंग में बदलाव किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार पुलिस में यह बदलाव राजधानी रायपुर में लागू पुलिस कमिश्नरी प्रणाली शामिल नहीं होगी। हालांकि इस प्रणाली का प्रभाव केवल रायपुर शहर के 21 थानों तक ही सीमित है। पिछले दिनों कमिश्नरी के अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। लेकिन इससे अलग अब राज्य के 33 जिलों में पदस्थ पुलिस अधीक्षकों, एएसपी व समकक्षों की पोस्टिंग में बदलाव हो सकता है। इसके साथ ही कुछ रेंज आईजी, डीआईजी, सशस्त्र बलों से लेकर पुलिस की विभिन्न शाखाओं, से लेकर मुख्यालय स्तर पर पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों की पोस्टिंग में बदलाव की संभावना व्यक्त की जा रही है।

जनवरी में हुआ था बड़ा फेरबदल

राज्य में अब से करीब पांच महीना पहले जनवरी में पुलिस की व्यवस्था में एक बड़ा फेरबदल हुआ था। इस समय रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करते हुए संजीव शुक्ला को पहला पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। इस बदलाव के साथ ही कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को कमिश्नरी में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। बदलाव के इस क्रम में कुल मिलाकर 15 आईपीएस प्रभावित हुए था। इनमें रायपुर जिले के पुलिस अधीक्षक समेत रेल पुलिस एसपी भी शामिल थे। इसी तरह दुर्ग और राजनांदगांव आईजी की पोस्टिंग भी बदली गई थी। कुछ अधिकारियों के कहना है कि आईजी की पोस्टिंग कुछ महीना पहले ही की गई है, इसलिए इसमें बदलाव की संभावना कम है। लेकिन जिलों में पुलिस अधीक्षकों का बदलाव अधिक संख्या में हो सकता है। इसी तरह शहरों में पदस्थ डीएसपी, सीएसपी स्तर के अधिकारियों के तबादले किए जा सकते हैं।

गोलीकांड का सीसीटीवी फुटेज, भागने के लिए स्कूटर की चाबी मांगने मेडिकल स्टोर में पिस्टल से धमकाया

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा में तीन दिन पूर्व मंगलवार को पारिवारिक रंजिश पर दो सालियों की गोली मारकर हत्या करने वाले हत्यारे का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। सालियों की हत्या करने के बाद आरोपी जितेंद्र वर्मा पिस्टल लेकर घटना स्थल से सटे एक मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। मेडिकल स्टोर के अंदर वह पिस्टल तानकार संचालक को दौड़ाते दिख रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी फूटेज से हुई है। हालांकि मेडिकल स्टोर संचालक ने घटना की थाने में अब तक किसी भी प्रकार से शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

स्थानीय रहवासियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि अपनी साली गीतांजली तथा दुर्गेश्वरी को गोली मारने के बाद जितेंद्र सीढ़ी से नीचे उतरा, इसके बाद वह भागने के लिए साधन ढूंढने लगा। घटना स्थल से सटा दुर्गा मेडिकल है। मेडिकल स्टोर के बाहर जितेंद्र ने एक स्कूटर खड़ा देखा। इसके बाद वह पिस्टल निकालकर मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। मेडिकल स्टोर के अंदर घुसने के बाद जितेंद्र ने मेडिकल स्टोर संचालक पर पिस्टल तान कर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान के अंदर ही दौड़ाने लगा। मेडिकल स्टोर संचालक को पिस्टल लेकर दौड़ाते देख वहां काम करने वाले कर्मी डर कर मेडिकल स्टोर से बाहर निकल भागे और शोर मचाने लगे। बताया जा रहा है, जितेंद्र मेडिकल स्टोर संचालक से भागने के लिए उस पर पिस्टल तान कर स्कूटर की चाबी देने दबाव बना रहा था।

कर्मचारियों के शोर मचाने के बाद जरूर कुछ लोग मेडिकल स्टोर पहुंचे, लेकिन जितेंद्र के हाथ में पिस्टल देख बीच बचाव करने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। इसके बाद जितेंद्र लोगों को धमकाते हुए पिस्टल अपनी पेंट के पीछे की तरफ खोंस कर पैदल ही जाने लगा। जितेंद्र भाग पाता, इसके पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया।

मेडिकल स्टोर में फायरिंग की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक पुलिस को मेडिकल स्टोर के पास कारतूस का खाली खोखा मिला है। हालांकि पुलिस ने मेडिकल स्टोर के पास से कारतूस का खाली खोखा मिलने की पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है, जितेंद्र ने मेडिकल स्टोर संचालक को डराने के लिए हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने दबाव भी बनाया। दुकान संचालक ने घटना की किसी भी तरह से एफआईआर कराने की बात से इनकार कर दिया है। इस प्रकरण में पुलिस स्वतः संज्ञान लेते हुए सीसीटीवी फूटेज के आधार पर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक 216/तक./नि.आ.सू./न.पा.परि. / 2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनॉकः 06/05/2026

ई - निविदा निरस्तीकरण सूचना

कार्यालय के द्वारा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 107 दिनांक 17.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 189274, 189277, 189278, 189289, 189290, 189293, 189295, 189297, 189298, 189299, 189300, 189301, 189302, 189304 एवं 189306 तथा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 176 दिनांक 30.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 190089, 190092, 190099 एवं 190101 के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा को निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

खरोरा लूट में इस्तेमाल बाइक चोरी की एक माह पूर्व थाने में दर्ज हुई है रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मंगलवार को सराफा कारोबारी के सिर पर लाठी से हमला कर लाखों रुपए के जेवर लूट के मामले को पुलिस ने करीब-करीब सुलझा लिया है। लूट की घटना के साथ लूट का माल खरीदने वाले 8 से 10 संदेहियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए संदेहियों में तीन के लूट का मास्टर माइंड होने की आशंका है।

- दस संदिग्ध से हिरासत में चल रही पूछताछ, उठाए गए संदिग्धों में लूट का माल खरीदने वालों से लेकर तीन के मास्टर माइंड होने का संदेह

पुलिस कमिश्नरेट की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम तथा खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम लूट के प्रकरण को सुलझाने में जुटी हुई है। पड़ताल के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मोहदी गांव के पास एक खेत में लावारिश हालत में बाइक मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से पड़ताल की, तो जहां बाइक मिली है, उसके आसपास जेवर के खाली डिब्बे पुलिस को मिले। इससे पुलिस ने सहज ही अंदाजा लगा लिया कि जो बाइक लवारिश हालत में मिली है, बदमाशों ने लूट के लिए उसी बाइक का इस्तेमाल किया है।

चोरी की बाइक में लूट

बदमाशों ने लूट के लिए जिस बाइक का इस्तेमाल किया है, उस बाइक के बारे में जानकारी जुटाई, तो बाइक चोरी की निकली। खरोरा थाना में एक माह पहले उस बाइक के मालिक ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पहले लूट की गुत्थी सुलझाने बाइक चोरी करने वाले के बारे में जानकारी जुटाई। बाइक चोर की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बाइक चोर को हिरासत में लिया। बाइक चोर के बयान के आधार पर पुलिस ने अन्य लोगों को हिरासत में लिया है।

प्लान करने के बाद लूट की योजना

सूत्रों के मुताबिक तीन संदिग्धों ने लूट की योजना बनाई थी। जिन बदमाशों ने लूट की योजना बनाई थी, उनका पूर्व में आपराधिक रिकार्ड होने की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक लूट के बाद पुलिस उन्हें ट्रेस नहीं कर पाए, इसके लिए बदमाशों ने अपने एक साथी के माध्यम से बाइक चोरी करवाई। इसके बाद बदमाशों ने कारोबारी तथा उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों की निगरानी की। इसके बाद मौका देख बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। कारोबारी के मैनेजर से लूट का पुलिस एक दो दिन में खुलासा कर सकती है।

कार्यालय, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्र.100 / लो.नि.वि./न.प./2026 किरोड़ीमलनगर दिनांक 07/05/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में निम्न कार्य हेतु लोक निर्माण विभागो में पंजीकृत "डी" श्रेणी व उससे उपर के क्लास के ठेकेदार हो, उनसे निविदा प्रपत्र "अ" एवं PWD Building SOR 01.01.2015, PWD Road SOR 01.01.2025, में निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	190434	वार्ड क्रमांक 14, रेल्वेलाईन पारा मुक्तिधाम उन्नयन कार्य।	36.68 लाख	28.05.2026
2	190446	वार्ड क्रमांक 02 में सामुदायिक भवन से आदर्श फूटवियर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	11.97 लाख	28.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, एवं निकाय के स्थापना शाखा/ लोक निर्माण में कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division-II)
(मानव संसाधन प्रभाग-II)

ईस्ट गेट संख्या-10, जे.एन. स्टेडियम परिसर,
लोधी रोड, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003
East Gate No. 10, J.N. Stadium Complex,
Lodhi Road, CGO Complex, New Delhi-110003

फाइल नं.: 01-04001(03)/2/2025-एचओ-कार्मिक प्रभाग/253 दिनांक : 01.04.2026

शुद्धिपत्र

विषय : आवेदन जमा करवाने के लिए अन्तिम तिथि में 30 दिन तक विस्तार के सम्बन्ध में भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति आधार पर कनिष्ठ अभियंता के पद के लिए नियुक्ति।

साई समितियां पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत युवा मामले एवं खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के अधीन एक स्वायत संगठन है, प्रतिनियुक्ति आधार पर कनिष्ठ अभियंता के पद के लिए नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। सम संख्या के विज्ञापन दिनांक 25.02.2026 की निरंतरता में, कनिष्ठ अभियंता के पद के लिए आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि एतद द्वारा 30 दिन तक (अर्थात 10.05.2026 तक) (अप. 5.00 बजे) बढ़ा दी गई है। शेष अनुच्छेद वैध रहेंगे। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन "निदेशक (एचआरडी-II) का कार्यालय, कमरा नं. 210, द्वितीय तल, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (गेट-10), लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 में 10.05.2026 को या इससे पूर्व अथवा sai.persdiv.recruitment@gmail.com पर मेल करें।" आवेदन प्रपत्र और विवरण युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in और साई अर्थात www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध हैं।

हस्ता/- उप निदेशक (एचआरडी-II)
भारतीय खेल प्राधिकरण
मुख्य कार्यालय

CBC-47103/11/0010/2627

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/अंतागढ़ / में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ बल्ली/जलाऊ चट्टा एवं औद्योगिक / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तो एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	E-Auction नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 12.05.2026 प्रातः 09:00 बजे से Live

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

अ.क्र	प्रजाति	नया वनोपज		अविकित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1	सागौन	41	319	469	1479	510	1798
2	साल	223	42	336	26	559	68
3	बीजा	18	-	75	67	93	67
4	साजा	31	40	212	4	243	44
5	हल्दू/मुंडी	10	-	45	-	55	-
6	सलिहा/मोदे	7	-	7	-	14	-
7	तिन्सा	9	-	7	-	16	-
8	धावड़ा	12	-	72	-	84	-
9	कर्रा	-	-	-	79	-	79
10	तेन्दु	198	8	83	-	281	8
11	अन्य	121	158	201	71	322	229
योग:-		670	567	1507	6798	2177	2293

नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक / व्यापारिक बांस :-

क्र	वनमण्डल	बांसागार भानुप्रतापपुर	बंडल	नो.टन	रिमार्क
1.	पूर्व भानुप्रतापपुर	औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट)	8680	136.000	E-Aucton Live 9AM
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	21632	320.749	
		बांसागार भानुप्रतापपुर	नग	नो.टन	
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट)	25000	36,500	
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	65590	197.425	
		बांसागार अंतागढ़	नग	नो.टन	
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (नया लॉट)	50503 नग	150.697	
		बांसागार अंतागढ़	बंडल	नो.टन	
		औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ नया लॉट)	14971	232.365	
नया जलाऊ चट्टा - 637 चट्टा					

दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (8827106152 एवं 9575330003)

1. प्रत्येक क्रेता को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामार्स पोर्टल में रजिस्टर है, करना अनिवार्य है। 2. प्रत्येक क्रेता को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि जमा करना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी की राशि जमा करना अनिवार्य हैं। 3. लॉट की थप्पी सुची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कामार्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लागिंग करके देख सकते है। 4. ई-आक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। 5. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यलय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

जी.262700544/2

GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE
Old Dhamtari Road, Sejbahar, Raipur (C.G.) Phone: 0771-2972963, 2972964
Website: www.gecraipur.ac.in, Email: principal@gecraipur.ac.in

No./GECR/Mech./ADVERT/2026/289 Dated: 05-05-2026

Advertisement for Walk-in-Interview for the Post of Project Fellow

A Walk-in-Interview will be conducted on 15/05/2026 (Friday) at 3:30 PM in the Department of Mechanical Engineering. Government Engineering College Raipur for the post of One Project Fellow to work in the Research Project sponsored by Chhattisgarh Council of Science & Technology (CCOST) Chhattisgarh. Interested and eligible candidates are invited to attend the Walk-in-Interview along with duly filled application form (or in Google Form, link given below) and necessary original certificates. The requirements of Project Fellow are as follows:

Name of the position:	Project Fellow
Project Title:	"Thermal Monitoring of Large Solar Parks using UAVs (Unmanned Aerial Vehicles)"
Funding Agency:	Chhattisgarh Council of Science and Technology, Chhattisgarh
Tenure of Scheme & Assignment:	18 Months
Duration & Emoluments:	Salary Rs. 10,000/ per month
Essential qualifications:	12th Pass ITI/ Diploma/ any other in any Trade/ Discipline/Branch **Note:** Higher qualification will be considered as an additional qualification Relaxation to SC-ST OBC will be provided as per institute norms
Date, time and place of Interview:	15/05/2026 (Friday) at 3:30 PM in the Department of Mechanical Engineering. Government Engineering College Raipur, India,
How to apply:	Filled application form with signature, along with complete relevant documents should reach to Dr. Ajay Tripathi, Project Investigator, Professor, Department of Mechanical Engineering, Government Engineering College Raipur, Chhattiagarh-492015 and also send the soft copy of applications preferably by email to atripathi@gecraipur.ac.in prior to interview date OR may be applied using Google Form, link given below.

Google Form: https://forms.gle/J8D78EGQJoJ2MQGw5

Terms and Conditions: 1. The above position is purely temporary and continuation of the fellowship is subject to satisfactory performance and review after every six months. 2. Candidates are required to appear for the interview with photocopy of the application form, two passport size photos, curriculum vitae, testimonials and all relevant original certificates with a one set of self-attested photocopies of the certificates. 3. No TA/DA is permissible for appearing in interview. 4. Candidate having Certificate of Drone Pilot for small UAVs category will he preferred. 5. Candidate felfow ship can be terminated with one-month prior notice given by the institution. Similarly, candidate can also give prior notice of one month before leaving the fellowship or has to deposit one-mouth fellowship amount.

For further details, please contact:
Dr. Ajay Tripathi, (Project Investigator)
Professor. Department of Mechanical Engineering.
Government Engineering College Raipur, CG-492015
Email: **atripathi@gecraipur.ac.in**

G-262700545/2 PRINCIPAL

प्रथम पृष्ठ का शेष

अब वुमन्स टीम ....

में और एक दिवसीय मैच बड़ौदा में होंगे। रायपुर में पहली बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंटरनेशनल मुकाबला खेलगी। यह पहली बार है जब दोनों टीमें किसी बाइलेटरल इंटरनेशनल सीरीज में आमने-सामने उतरेंगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच मुकाबले सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या क्वालिफायर तक सीमित रहे हैं। भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। मेंस क्रिकेट में दोनों देशों के बीच लंबे समय से मुकाबले होते रहे हैं। वुमन्स क्रिकेट में यह नई शुरुआत होगी।

ऑनलाइन टिकट के ....

किस गेट से एंट्री होगी। थ्रीडी स्टैंड और मैप में पार्किंग, सीढ़ियां, मेडिकल सेंटर, एम्बुलेंस और एंट्री गेट की सटीक जानकारी होगी, ताकि दर्शक बिना भटके सीधे अपनी सीट तक पहुंच सकें। इसके अलावा इस बार सीट नंबर के अनुसार से सीट पर बैठाया जाएगा। स्टेडियम में सीट पहले से रिजर्व रहेगी। इससे पहले हुए मैच में यह सिस्टम नहीं होता था। ऐसे में अगर कोई देर से भी स्टेडियम पहुंचता है, तो उसकी जगह सुरक्षित रहेगी।

कालाबाजारी रोकने ....

अनजान व्यक्ति बाहर टिकट न बेच सके।

नियमों का ध्यान रखना जरूरी ....

कोड को स्कैन करेगा, वह सिस्टम में 'Used' मार्क हो जाएगा। उस कोड से कोई दूसरा व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा। ध्यान रहे, स्टेडियम से बाहर जाने पर दोबारा एंट्री की अनुमति नहीं होगी। - स्टेडियम में इंटरनेट या नेटवर्क की कोई दिक्कत नहीं होगी, इसके लिए आयोजकों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि ऐप आसानी से खुल सके। ये सभी जरूरी दिशा-निर्देश आपकी खरीदी हुई टिकट में भी देखे जा सकते हैं।

इस तरह मिलेगी एंट्री ....

सुरक्षा कारणों से क्यूआर कोड मैच वाले दिन, गेट खुलने से 3बजे ही ऐप में जनरेट होगा। इसी कोड को स्कैन करके आपको एंट्री मिलेगी।

जांच एजेंसियां अपराधियों ....

शहीद हो गए थे। नक्सलियों ने जवानों के हथियार भी लूट लिए थे। मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 148, 120 बी, 396 (76 गिनती) और शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 27 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 5 के तहत दंडनीय अपराध से बरी कर दिया था। निचली अदालत ने यह माना था कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। इसके बाद राज्य सरकार ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 378 (1) के तहत निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। **परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की श्रृंखला अपूर्ण रही-** डिवीजन बेंच ने कहा कि न्यायालय यह मानने के लिए विवश है, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की श्रृंखला अपूर्ण रही और इससे आरोपी के आपराधिक इरादे या आतंकवादी संगठनों या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध को निर्णायक रूप से स्थापित नहीं किया जा सका। जांच में भी कई खामियां थीं, जैसे महत्वपूर्ण गवाहों की पहचान और जांच नहीं होना, फोरेंसिक और तकनीकी प्रमाणों का अभाव और आरोपी को कथित अपराधों से जोड़ने वाले प्राथमिक साक्ष्यों का संग्रह नहीं होना। मात्र संदेह, चाहे वह कितना भी प्रबल क्यों न हो, अपने आप में संदेह से परे प्रमाण की आवश्यकता का विकल्प नहीं हो सकता।

जांच में प्रक्रियात्मक ....

अदालत को उन्हें बरी करने के लिए विवश होना पड़ा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों पर हुए सामूहिक हमले के आरोपियों को प्रत्यक्ष साक्ष्यों की कमी, अपूर्ण परिस्थितिजन्य साक्ष्य, जांच में प्रक्रियात्मक खामियों और अपराध की गंभीरता के बावजूद उचित संदेह से परे दोष सिद्ध करने में विफलता के कारण बरी कर दिया गया।

इस तरह हुई पूरी घटना....

ने उन्हें जान से मारने की मंशा से भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलीबारी की। उक्त गोलीबारी में 76 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। नरसंहार के बाद नक्सलियों ने पुलिस बल के हथियार भी लूट लिए। नक्सलियों ने कई जगहों पर टिफिन बम लगाए थे, जिन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। इस घटना की रिपोर्ट चिन्तागुफा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

हाईकोर्ट ने राज्य ....

संदेह से परे अपराध साबित करने में विफल रहा है। हालांकि, न्यायालय इस बात पर जोर देता है कि राज्य को भविष्य में गंभीर जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों में जांच के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि प्रक्रियात्मक चूक की पुनरावृत्ति नहीं हो और आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास न टूटे।

मंच से बोले विधायक ....

5 मई को आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर के दौरान एक ग्रामीण ने पटवारी पर 40 हजार रुपए रिश्वत लेने का मौखिक आरोप लगाया। शिकायत सुनते ही विधायक रोहित साहू ने मंच से अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पटवारी को तत्काल हटाकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

छत्तीसगढ़ की 35 ...

युवती ने किसी तरह मोबाइल के जरिए अपने गांव के परिचित युवक को संदेश भेजकर मदद की गुहार लगाई। युवती ने बताया कि कई लड़कियां वहां फंसी हुई हैं और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता ललित नरेटी ने तत्काल अपनी युवा टीम के माध्यम से झारखंड में संपर्क स्थापित किया और पूरे मामले से स्थानीय प्रशासन व सरकार को अवगत कराया। उनकी पहल के बाद प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की।

बेकाबू एनएसयूआई ने ....

बैरिकेड्स लगाए थे। तीन लेयर की बैरिकेड्स तोड़ने के बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं और नेताओं की गिरफ्तारी शुरु कर दी। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता उग्र हो गए। उन्होंने पुलिस पर पथराव भी किया। कई पुलिसकर्मियों के चेहरे पर चोट आई है। पुलिसकर्मियों संग जमकर झूमाझटकी और तनातनी के बाद रात करीब 8 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ।

गुटों में शक्ति ....

थे। इस कारण भी प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदेशभर से हजार के लगभग कार्यकर्ता प्रदर्शन में जुटे। वरिष्ठ नेताओं को भी बैरिकेड्स लांघने के दौरान चोट आई है। कई के कपड़े भी झूमाझटकी में फट गए।

रावांभाटा में मिला ....

विनय देवांगन का है। विनय देवांगन बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन का साला तथा भाजपा पार्षद एवज देवांगन का बहनोई है।

आतंकवाद को हराने ...

आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की मुहिम ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है। बता दें, भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब अद्भुत सैन्य कार्रवाई के जरिए दिया था। पहलगाम हमला 22 अप्रैल 2025 को हुआ था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए। इसके बाद भारतीय सेना ने 6 और 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान के अंदर छिपे कई आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

सीएम साय ने सेना ...

कि अब भारत चुपचाप सहने वाला राष्ट्र नहीं रहा, बल्कि मातृभूमि की ओर उठने वाली हर बुरी नजर का निर्णायक और प्रभावशाली जवाब देने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बेजोड़ रणनीति और राष्ट्र के प्रति असीम समर्पण को अमर कर दिया। जिस सटीकता, दृढ़ता और प्रभावशाली क्षमता के साथ आतंक के सरपरस्तों और उनके आकाओं को जवाब दिया गया, उसने वैश्विक मंच पर भारत की सैन्य शक्ति और मजबूत नेतृत्व की नई पहचान स्थापित की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के प्रति "शून्य सहिष्णुता" की नीति को केवल शब्दों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर सिद्ध भी किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की संयुक्त शक्ति, अत्याधुनिक युद्ध तकनीक और आत्मनिर्भर रक्षा व्यवस्था ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक और प्रभावी प्रतिकार भी करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ पर राष्ट्र के उन सभी वीर सपूतों को कोटिशः नमन किया, जिनके शौर्य और पराक्रम ने हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

हाईकोर्ट ने पूछा- सिर्फ एक सीट पर गरीब बच्चों...

कई स्कूलों में एक या दो सीटों पर एडमिशन की जानकारी दी गई तो कोर्ट नाराज हो गया। गौरतलब है कि हरिभूमि ने इस मामले को गंभीरता से प्रकाशित किया था। इसे देखते हुए कोर्ट ने छुट्टी के दिन शनिवार (4 अप्रैल 2026) को विशेष सुनवाई की और मामले में स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) लिया। इसमें बताया गया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से हो चुकी है, लेकिन आरटीई के तहत मिलने वाले दाखिलों की प्रक्रिया बेहद धीमी है। इससे गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

नई सरकार के लिए रास्ता...

एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस मैदान को प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए लगभग 30 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में करीब 4,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक सेक्टर की निगरानी पुलिस उपायुक्त या सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी करेंगे।

नक्सली भय से जहां वन कर्मियों ने...

की मदद से वन विभाग ने अब इन इलाकों में अपनी गश्त भी बढ़ा दी है, अब वन कर्मचारी बिना डर के प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग फिलहाल ग्रामीणों के साथ मिलकर लघु वनोपज के संग्रहण और संरक्षण पर जोर दे रहा है, ताकि स्थानीय लोग आत्मनिर्भर हों। बस्तर में अब नक्सली गतिविधियां न के बराबर है।

कार्यालय नगर पंचायत बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

Email-emobagicha@gmail.com

क्रमांक / 259/लो.नि.वि./न.प./2026-27 बगीचा, दिनांक 07/05/2026

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना:

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाखों में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	190442	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including Installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BAGICHA Chhattisgarh (1st Call)	34.68	29/05/2025

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल https://cgeproc.cgstate.gov.in व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन एवं कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बगीचा जिला-जशपुर (छ0ग0)

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक: छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय: सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन: 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- बिलासपुर में Myntra के पार्सल बांटने के लिए डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है। प्रति पार्सल कमाई 15/- इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध। इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें- 9340943004 (जल्दी करें, सीमित अवसर) **(40795)**

आवश्यकता है- 2पद आफिस साफ सफाई हेतु स्थोनीय युवक फ्रेशर की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, आने, जाने के लिए स्वयं का वाहन अनिवार्य बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- थायरोकेयर तिलक नगर बिलासपुर 98274 02212 **(40793)**

आवश्यकता है- डोर स्टेप लॉन्ड्री में अनुभवी ड्राई क्लीनर कारीगर एवं डिलिवरी बॉय की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ड्रीम बिल्डर्स के बगल में, मन्दिर चौक बिलासपुर 99079 80004, 9300003383 **(40794)**

आवश्यकता है- सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़की/ लड़को की। लड़को के पास स्वयं की बाइक अनिवार्य, समान छोड़ने लाने हेतु, (योग्यता 10वी, 12वी) पता- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 **(40790)**

आवश्यकता है- होम अप्लायंस शोरूम में कस्टमर हेंडलिंग, पेकेजिंग, बिलिंग हेतु लड़का, लड़की चाहिए। सैलरी- 8000 से योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- माँ गायत्री ट्रेडर्स होटल अजीत कॉम्प्लेक्स तेलीपारा, बिलासपुर 9179913671, 9109982387, 84500 91040 **(40800)**

आवश्यकता है- रेडिमेड शोरूम में मेन्स वियर, लेडिस वियर, साड़ी के लिये अनुभवी सेल्समैन युवक/ युवती की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर **(40778)**

आवश्यकता है- लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए रहने, खाने की सुविधा वेतन12000 से 15000 भत्ता (अनुभव अनुसार) सम्पर्क- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 9300734341 **(40788)**

आवश्यकता है- बिलासपुर अमेरी के घर में रहकर सभी प्रकार का नाश्ता, खाना बनाने, घर की देखरेख हेतु अनुभवी लड़की, महिला, विधवा, परित्यक्ता की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7999043732 **(40796)**

आवश्यकता है- (1) कार/ ट्रक ड्राईवर ऑटोमेटिक एवं गेयर कार चलाना आता हो (2) जेसीबी लोडर मेंटेनेंस हेतु मिस्त्री/ सुपरवाइजर (3) घरेलू कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7566194517 **(40797)**

Required - Accountant Required Mfg Company. Sirgitti Bilaspur GST, TDS, IT & Finalisation exp. must 3 to 5 yrs exp. Contact- 9303790515 **(40798)**

आवश्यकता है-घरेलू काम करने हेतु महिला और घर में गार्ड की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- 7694006589 **(40766)**

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 **(40799)**

आवश्यकता है-परसदा (भरनी) में बिल्डर के नेतृत्व में मकान बनाने (सिविल कार्य) हेतु ठेकेदार की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं की सेंट्रिंग हो, लेआउट डालना आता हो सम्पर्क करें- 9827404638, 9039104638 **(40775)**

आवश्यकता है- जॉब का अवसर वेल्डर कटर, फिटर गार्ड , कम्पयूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य 10, ड्राइवर, चपरासी 20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 15000 35000 रहना फ्री, सम्पर्क- सीपत 6232429364 **(40785)**

आवश्यकता है- रावतपुरा युनिवर्सिटी रायपुर में सुपरवाइजर सुरक्षागार्ड चाहिए। ऊंचाई पुरुष 5'-6" लड़कियां 5'-5" वेतन सुपरवाइजर 16000, सुरक्षागार्ड 14000 अनुभवी को प्राथमिकता पता- एक्समैन सिक्यूरिटी वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 83499 74442 **(40786)**

आवश्यकता है- कंपनी में कार्य हेतु पेटी ठेकेदार की आवश्यकता हैं, जो हेल्पर, फिटर, वेल्डर और हैवी लायसेंस ड्रायवर सप्लाई कर सके लोकेशनः- सिलतरा, तिल्दा (रायपुर) एवं बिलासपुर (छत्तीसगढ़) संपर्कः 79997 85435, 8319126599 **(167)**

आवश्यकता है- कुशल वेल्डर, गैस कटर, लेथ ऑपरेटर, शेपर ऑपरेटर एवं फोर मैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग, सिरगिट्टी बिलासपुर 78280 70065 **(40780)**

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वस्त्रम, जी 4-5, श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8770773300, 8964009000 **(40769)**

आवश्यकता है-सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, कम्प्यूटर रिपेयरिंग, नेटवर्किंग, बायोमेट्रिक, फायर सेफ्टी रिपेयरिंग सेल्स सर्विस हेतु लड़के चाहिए। फ्रेशर/ अनुभवी सम्पर्क करें- बजाज ई-स्टोर, FF13 फर्स्ट फ्लोर F-ब्लॉक राजीव प्लाजा बिलासपुर 9754174777, 70249 96999 **(40771)**

आवश्यकता है- ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु 2 लड़के, 4 लड़कियों की। वेतन 8000 कार्य समय 10 से 8 सम्पर्क- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 **(40781)**

आवश्यकता है-माल वाहक इलेक्ट्रीक ऑटो चलाने के लिये ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर फोन 07752-405795 **(40772)**

आवश्यकता है- मोटर रिवाइंडिंग कार्य करने एवं सिखने के इच्छुक लड़कों की आवश्यकता है वेतन चार अंको में अनुभवी लड़के भी संपर्क करें 9300803875, 83191 27732 **(40776)**

आवश्यकता है-टायर दुकान में काम करने हेतु युवक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिन्ध ऑटो स्टोर्स गांधी चौक बिलासपुर **(40770)**

आवश्यकता है-ढाबा में सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, हेड मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करे- सुबह 11 से रात 11, रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे, बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666 **(40767)**

आवश्यकता है-ऑफिस मैनेजर वर्क साइड वर्क रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण एवं नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 **(40707)**

आवश्यकता है-भारत के सबसे बड़े राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं कॉल करे- 8929449955 **(63172)**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यातानुसार सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 **(40779)**

आवश्यकता है- कपड़े की शॉप में कम्प्यूटर एवं मेनुअल एकाउन्ट एकाउंटेंट एवं मकान के लिए चौकीदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 **(40755)**

आवश्यकता है-(1)दिनभर घरेलू कार्य करने हेतु एक लड़का, एक लड़की (2) कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (3) शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक(4)ओटी हेतु पैरामेडिकल स्टाफ चाहिए सम्पर्क- 70671 24226 **(40673)**

बेचना है

बेचना है- मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा में 10×25 की दुकान एवं ऊपर चार कमरे टोटल साइज 550 वर्गफुट बेचना है मेडिकल एजेन्सी के लिए उपयुक्त। सम्पर्क करें- 7489544379, 99818 90379 **(40791)**

बेचना है- धुरीपारा मंगला 4000 वर्गफीट 950/- प्रति वर्गफुट (60×67), मंगला 500 वर्गफीट (15×33 फुट) कोनी 1090 वर्गफीट, रहंगी चकरभाटा 15×30 फिट दुकान बेचना है पता- शकुन्तला सिंह कुदुदण्ड बिलासपुर 8319524783. 8305821589 **(40792)**

बेचना है- हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(40711)**

बेचना है-प्राइम लोकेशन बेलेजा सैलून के पीछे नर्मदा नगर बिलासपुर में 3BHK 2400 वर्गफुट में निर्मित मकान बेचना है रेट 1.60 करोड़ सम्पर्क करें-78981 98271, 9301588883 **(40764)**

किराया

किराया- मंगला चौक के आगे मिनोचा कॉलोनी मेन रोड पर चालू मेडिकल स्टोर सामान सहित किराये पर देना है सम्पर्क करें- 7999507957, 78048 14392 **(40789)**

किराया- मंगला चौक नर्मदा नगर में सेकेण्ड फ्लोर में 2 हाल 15x15 वॉशरूम बड़ा आंगन किराए से देना है गर्ल्स ऑफिस हेतु संपर्क करें मो. 83193 18132 **(40777)**

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500 96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
हैदराबाद	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
दिल्ली	10	4	6	8
कोलकाता	9	3	5	7
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	9	2	7	4

ऑरेंज कैप

क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

विश्व कप तीरंदाजी : महिला टीम ने पदक किया पक्का

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरूष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई।

मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटआफ में 4-5 से हार गए। महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी । अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा ।

दस बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराया

महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीत फाइनल में किया प्रवेश

पुरूष रिकर्व टीम में तरूणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया । चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58-55 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला 56-56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढत बना ली ।

भारतीय महिलाओं ने 58-56 से मैच अपने नाम किया

मैच जीतने के लिये अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58- 56 से अपने नाम किया । लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है । कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी ।

महिला टीम ने पहले दौर में उजबेकिस्तान को हराया

इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया । क्वार्टर फाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में वियतनाम पर 5. 4 से जीत दर्ज की। पुरूष टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसने पहला सेट 52 . 55 से गंवाया ।

चौथा सेट बांग्लादेश ने 57-53 से जीता

दूसरे सेट में बांग्लादेश ने उसे 54-54 से बराबरी पर रोका । तीसरे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 53 रहा । बांग्लादेश की तिकड़ी अब्दुर रहमान आलिफ, राम कृष्ण साहा और मोहम्मद मिशाद प्रधान ने चौथा सेट 57-53 से जीता ।

खबर संक्षेप

आईपीएल में गेंदबाजों को बारीकी से तैयारी करनी होती है : फ्रेंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। जेम्स ने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 'पूल शॉट' खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई । फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा ,'' पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये । खासकर शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों को , विशेष तौर पर पावरप्ले में ।''

बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे : उमेश यादव

नई दिल्ली। भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव का कहना है कि जसप्रीत बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं और इसी वजह से इस इंडियन प्रीमियर लीग में उनका

प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है जबकि भुवनेश्वर कुमार अपनी स्पष्ट योजना के अलावा पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत की वजह से कामयाब रहे हैं। भुवनेश्वर आइपीएल के इस सत्र में अभी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नौ मैच में 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के बुमराह को इस सत्र में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने 10 मैच में महज तीन विकेट लिए हैं।

शीर्ष खिलाड़ी तुमकुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

तुमकुरु (कर्नाटक)। सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया।

लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुइखाम को 6-2, 6-3 से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स व कोलकाता नाइट राइडर्स में 'करो या मरो' का मुकाबला आज

दिल्ली के बल्लेबाजों के सामने वरुण और नारायण की चुनौती

पेचीदा या चकमा खाने वाली पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पा रही दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे । ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जायेगा।

दिल्ली पिच नंबर छह पर खेल सकती है

समझा जाता है कि वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिये दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाये थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी।

यह पिच चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी

इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे ।

दिल्ली के लिए कुलदीप का खराब फॉर्म भी चिंता का विषय

सुनील (इकॉनॉमी रेट 6 . 80) और वरूण (इकॉनॉमी रेट 8 . 88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करूण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है। दिल्ली के लिये कुलदीप यादव का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है जो दस मैचों में दस से ऊपर की इकॉनॉमी रेट से सात ही विकेट ले सके हैं । ऐसे में बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर खेलने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता ।

रिंकू पर रहा बल्लेबाजी का दारोमदार

रिंकू सिंह (145 . 39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है । दिल्ली के लिये केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं लेकिन दूसरी ओर अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे बल्लेबाज 200 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं ।

नायर व राणा फॉर्म में नहीं

निसांका पर टीम प्रबंधन का लगातार भरोसा समझ से परे है जो नौ मैचों में 228 रन ही बना सके हैं। करूण नायर और नीतिश राणा फॉर्म में नहीं हैं । गेंदबाजी में मुकेश कुमार, टी नटराजन और अकीब नबी दर महंगे साबित हुए हैं । दिल्ली का कोई भी गेंदबाज दोहरे अंक में विकेट नहीं ले सका और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कप्तान अक्षर पटेल ने की है जिन्होंने 8 . 25 की इकॉनॉमी रेट से नौ विकेट चटकाये हैं ।

हॉकी

आस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए महिला और अंडर-18 पुरुष टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| भोपाल

हॉकी इंडिया ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिये 24 सदस्यीय अंडर 18 पुरूष और महिला टीमों का ऐलान किया । चार मैचों की श्रृंखला भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर खेली जायेगी ।

यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष और महिला अंडर 18 एशिया कप की तैयारियों के लिये अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया । फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर 18 पुरूष टीम के कप्तान होंगे जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है । पुरूष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा ,'' शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं । आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की असल परीक्षा होगी । मैच से हमें अपनी ताकत व कमजोरियों का पता चलेगा

जूलियन मेथेरेल होंगे एमसीसी के नए अध्यक्ष

लंदन। द हंड्रेड फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल इस साल अक्टूबर से तीन साल के लिये मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अगले अध्यक्ष होंगे जो इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एड स्मिथ की जगह लेंगे । मेथेरेल पिछले 40 साल से एमसीसी के सदस्य हैं और 2025 एजीएम में सदस्यों से हरी झंडी मिलने के बाद इसकी समिति का हिस्सा बने । स्मिथ ने नये अध्यक्ष के तौर पर उनका नामांकन किया। 1787 में स्थापित एमसीसी प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का मालिक है और खेल को नियंत्रित करने वाले नियमों का संरक्षक है।

अंडर-17 महिला एशियाई कप

इतिहास रचने पर भारत की निगाहें

एजेंसी ▶▶| सुजोऊ (चीन)

एशिया की दो बड़ी टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अब शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है।

ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है।

भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है जो ग्रुप सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है। ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है तो ग्रुप सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी।

लेबनान टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही

पश्चिम एशिया की टीम लेबनान इस टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही है और उसने अपने अभियान की शुरुआत जापान से 0-13 की करारी हार के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 से शानदार ड्रॉ खेलकर एक अंक हासिल किया। भारतीय टीम को इस मैच की अहमियत का पूरा अंदाजा है। यह पीढ़ी दो दशकों से भी ज्यादा समय बाद भारत को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में वापस ला रही है और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना एक और मील का पत्थर साबित होगी। यह साल भारतीय महिला फुटबॉल के लिए सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17 तीनों ही स्तरों पर पहले से ही एक ऐतिहासिक साल रहा है। हालांकि इस साल की शुरुआत में सीनियर और अंडर-20 टीमें अपने वर्ग के टूर्नामेंट में शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाई थीं, लेकिन अब अंडर-17 टीम के पास यह कमाल कर दिखाने का सुनहरा मौका है।

लगातार 6 हार के बाद जीता लखनऊ, बेंगलुरु को 9 रन से हराया

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 213 रन का रिवाइज्ड टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बारिश के कारण मैच 19-19 ओवर का किया गया। लखनऊ ने तय ओवर में 3 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 19 ओवर में 6 विकेट पर 203 रन बनाए । क्रुणाल पंड्या और रोमारियो शेफर्ड क्रीज पर हैं।

16वें ओवर में शहबाज अहमद ने इम्पैक्ट प्लेयर टिम डेविड (40 रन) को दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार (61 रन) को भी आउट किया। प्रिंस यादव ने जितेश शर्मा (एक रन), देवदत्त पडिक्कल (34 रन) और विराट कोहली (जीरो) के विकेट झटके। जैकब बेथेल (4 रन) को मोहम्मद शमी ने प्रिंस यादव के हाथों कैच कराया।

मिचेल मार्श का शतक, प्रिंस यादव को 3 विकेट

मार्श ने 111 रन की पारी खेली

लखनऊ की ओर से ओपनिंग करने आए मिचेल मार्श ने 111 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 9 छक्के लगाए। निकोलस पूरन ने 38 और कप्तान ऋषभ पंत ने नाबाद 32 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, क्रुणाल पंड्या और रसिख सलाम को एक-एक विकेट मिले।

बारिश के कारण खेल तीन बार रुका, ओवर्स कटे

बारिश के कारण तीन बार खेल रोका जा चुका है। पहली बार 9 गेंद के बाद खेला रोका गया था। फिर दूसरी बार 9 ओवर के बाद दूसरी बार खेल को रोकना पड़ा था। तीसरी बार 14वें ओवर के बाद बारिश आई और खेल रोका गया। ऐसे में ओवर्स में कटौती की गई है और मैच को 19-19 ओवर कर कर दिया गया।

पेरिस सेंट जर्मेन चैम्पियंस लीग के फाइनल में पहुंची

म्युनिख। पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1 . 1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी । इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैम्पियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की । उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी।

homefirst
We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

मॉग अधिसूचना U/S 13 (2)

आप नीचे उल्लेखित उधारकर्ता(ओं) ने अनुसूची में वर्णित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया है, तथा आप नीचे उल्लेखित व्यक्ति ऋण समझौते में उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर के रूप में शामिल हैं। आपके द्वारा किए गए भुगतान चूक (डिफॉल्ट) के कारण, आपका ऋण खाता दिनांक 06-05-2026 को 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (SARFAESI Act) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (Non-Performing Asset - NPA) घोषित किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने आपके द्वारा दिए गए पते पर SARFAESI Act की धारा 13(2) (धारा 13(13) के साथ पढ़ी जाए) के अंतर्गत मांग नोटिस (Demand Notice) जारी किया है। उक्त नोटिस दिनांक 06-05-2026 को जारी किए गए हैं तथा इन नोटिसों में उल्लेख है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अतः, यह वर्तमान प्रकाशन SARFAESI Act की धारा 13(2) तथा Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधानों के अनुसार नोटिस प्रदान/प्रकाशित किया जा रहा है:

क्रं.	खाता, उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) का नाम एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली सुरक्षा संपत्ति का विवरण	खाता, उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) का नाम एवं पता
1.	बौछार कुरासी, नेहा बौछार कुरासी	फ्लैट- मौजा कोटा, खसरा नंबर- 957/1, P.H. नंबर- 5, मौजा- कोटा, तहसील- कोटा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़- 495006 सीमाएं: पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर- निखिल की भूमि, दक्षिण- राजेश की भूमि।	831,437
2.	मुकेश मिश्रा, सुनीता मिश्रा	प्लॉट- खसरा नंबर 917/1 एवं 920/1, मौजा मुंगेली, P.H. नंबर 19/59, ब्लॉक/सर्कल मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़- 495334 सीमाएं: पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम- निस्तारी रास्ता, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट।	1,199,413
3.	विकास चतुर्वेदी, वंदना शर्मा	प्लॉट- मौजा निरतु, खसरा नंबर 1704/3/K/2, P.H. नंबर 53, मौजा निरतु, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़- 495001 सीमाएं: पूर्व- सड़क, पश्चिम- भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि।	1,716,790

आपको इस द्वारा सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि, ब्याज एवं खर्चों सहित, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को भुगतान करें। अन्यथा, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं एवं गारंटरों की सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा लेना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त हैं: (1) उधारकर्ताओं/गारंटरों की सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा लेने का अधिकार, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने हेतु लीज, हस्तांतरण या बिक्री के माध्यम से स्थानांतरित करने का अधिकार भी शामिल है। (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने अधीन लेने का अधिकार, जिसमें लीज, हस्तांतरण या बिक्री के माध्यम से संपत्ति का हस्तांतरण करने तथा सुरक्षित संपत्तियों से राशि वसूलने का अधिकार भी शामिल है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण उन संपत्तियों से संबंधित सभी अधिकारों सहित वैध होगा, मानो ऐसा हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो। उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको बिना होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व अनुमति के, ऊपर वर्णित एवं होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पक्ष में हाइपोथिकेट/बंधक रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति का विक्रय, लीज या अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरण (आपके व्यवसाय के सामान्य कार्यकलापों को छोड़कर) करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 08-05-2026

हस्ताक्षरित द्वारा: अधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

सुपर अल-नीनो को लेकर जारी हुआ अलर्ट पड़ेगी भीषण गर्मी और आएगी आंधी-बारिश

नई दिल्ली। दुनियाभर में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण लोगों को भयानक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। भारत के कई इलाकों में इस बार अप्रैल में ही तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। हालांकि, मई महीने की शुरुआत से ही देश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी और बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। लेकिन, 9 मई के बाद मौसम में बदलाव होने वाला है। मौसम विभाग और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की हालिया रिपोट्र्स ने एक बड़ी चेतावनी दी है। ठंडी हवाओं की जगह अब सुपर अल-नीनो का खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिक मानते हैं कि साल 2026 के मध्य में इस प्राकृतिक घटना से भारत समेत पूरी दुनिया में तापमान रिकॉर्ड स्तर पहुंच सकता है। यह बदलाव सिर्फ कुछ दिनों की गर्मी के साथ ही आने वाले मानसून और खेती के लिए भी एक बड़ी चेतावनी है।

क्या है सुपर अल नीनो?

अल नीनो एक प्राकृति घटना है। प्रशांत महासागर का पानी गर्मी होता है, तो अल-नीनो कहा जाता है। लेकिन, समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा (करीब 2 डिग्री सेल्सियस से ऊपर) बढ़ जाता है, जिसे सुपर अल-नीनो कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अल-नीनो बीते 140 वर्षों में सबसे शक्तिशाली हो सकता है।

क्यों खतरनाक है अल नीनो?

इस प्राकृतिक घटना से वायुमंडल में भारी गर्मी पैदा होती है। इससे बारिश का पैटर्न बदलता है। विशेषज्ञों ने कहा कि अल-नीनो सक्रिय होता है, तो भारत में मानसून के कमजोर होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। 9 मई के बाद सूरज की गर्मी के बढ़ने के साथ अल-नीनो की सक्रियता से अचानक तापमान बढ़ सकता है।

कल के बाद बदलेगा मौसम

ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ा खतरा

जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी पहले से ही गर्म है, जिसके कारण सुपर अल-नीनो का खतरा बढ़ गया है। नोआ और नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि पूरी दुनिया का तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है और अल-नीनो से 0.2 की और वृद्धि हो सकती है। इससे साफ है कि 2026 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष बो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 9 मई के बाद दुनियाभर के मौसम में बदलाव होगा। उनका कहना है कि आने वाले दिनों गर्मी के साथ ही अप्रत्याशित तूफान और बेमौसम बारिश बढ़ेगी।

भारतीय मौसम विभाग और विशेषज्ञों की क्या है चेतावनी?

भारतीय मौसम विभाग ने मई 2026 के पूर्वानुमान में जानकारी दी है कि देश के कई इलाकों में बारिश के कारण तापमान सामान्य से कम रहता सकता है, लेकिन देश के कई राज्यों में भीषण हीटवेव का भी खतरा है। गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में रात का तापमान बढ़ेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि मई से जुलाई 2026 के बीच अल-नीनो के पूरी तरह सक्रिय होने की 61 फीसदी संभावना है। विशेषज्ञों ने कहा कि इतना तेजी से बदलाव होगा कि इंसान को संभलने का मौका नहीं मिलेगा।

कैसा रहेगा मानसून?

अल-नीनो की वजह से भारत के मानसून पर असर पड़ सकता है, जो चिंताजनक है। डाउन टू अर्थ की हाल ही में हुए अध्ययन में बताया गया है कि अल-नीनो की वजह से साल 2026 का दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से कम रहता सकता है। वैज्ञानिकों का तर्क है कि प्रशांत महासागर की सतह का तापमान बढ़ने से भारतीय मानसून की हवाएं कमजोर हो जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि किसानों को जल संरक्षण की अभी से तैयारी करनी चाहिए, क्योंकि मानसून के अंत तक अल नीनो का प्रभाव रह सकता है।

पहली बार रोबोटिक हाथों ने 10 हजार किमी दूर से इंदौर में किया ऑपरेशन

विज्ञान या चमत्कार? कंट्रोलर था सात समंदर पार!

इंदौर। क्या आप यह सोच सकते हैं कि एक डॉक्टर सात समंदर पार ऑस्ट्रेलिया में बैठा हो और भारत के किसी शहर में मरीज का ऑपरेशन कर रहा हो? सुनने में यह बले ही मूवी का सीन लग रहा हो, लेकिन टेक्नोलॉजी के सहारे यह आज हकीकत बन चुका है। मेडिकल साइंस में एक ऐसा धमाका हुआ है, जिसने हजारों किलोमीटर की दूरियां मिटा दी है। आस्ट्रेलिया के पर्थ में बैठे भारतीय डॉक्टर और इंदौर के ऑपरेशन थिएटर में रखे रोबोटिक हाथों के बीच एक दो नहीं, बल्कि 10,000 किलोमीटर का फासला था, लेकिन मेडिकल साइंस के बदौलत सर्जरी सफल हुई। यह दुनिया की सबसे लंबी दूरी वाली टेलिसर्जरी में से एक है।

क्या था मामला?

भारत के फेमस बेरियाट्रिक सर्जन डॉ. मोहित भंडारी ने पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ सर्जन्स के वार्षिक सम्मेलन के दौरान यह कारनामा किया। उन्होंने इंदौर के एक अस्पताल में एडमिट मरीज की गैस्ट्रोजेजनोस्टॉमी सर्जरी की।

कैसे हुई इतनी दूर से सर्जरी

सर्जरी करने के लिए डॉ. भंडारी ने पर्थ में एक हेडसेट पहना, जिससे उन्हें मरीज के शरीर के अंदर का नजारा 3डी और हाई-डेफिनिशन यानी एचडी में दिखाई दे रहा था। उन्हें ऐसा महसूस हो रहा था जैसे वह खुद इंदौर के ऑपरेशन थिएटर में ही मौजूद हों। पर्थ में डॉक्टर के हाथों की हर हरकत को इंदौर में लगे रोबोटिक हाथों ने हूबहू दोहराया। इस रोबोटिक सिस्टम की सटीकता 0.1 एमएम है, जो इंसानी हाथों की तुलना में भी ज्यादा सटीक और परफेक्ट है।

ग्रामीण भारत के लिए होगा संजीवनी

भारत जैसे देश में आज भी गांवों और छोटे शहरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। अक्सर गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों में ले जाना पड़ता है, जिसमें समय और पैसा दोनों ज्यादा लगता है। इस सफल टेलिसर्जरी ने उम्मीद जाहिर की है कि आने वाले समय में दिल्ली या मुंबई का कोई बड़ा सर्जन किसी दूरदराज के गांव या पहाड़ी इलाके के अस्पताल में बैठे मरीज का ऑपरेशन कर सकेगा।

डेस्टिनी 125 | बेस्ट-इन-क्लास माइलेज 60## km/l | बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स | बड़ी और आरामदायक सीट | एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट डी आर एल के साथ

डेस्टिनी रेंज की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ₹75,050*

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. *Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. *Ex-Showroom Price of Destini110VX in Chhattisgarh. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com